# नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, गुरुवार 5 अगस्त 2021, कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-176 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित


## आज बेबाक

पिछले एक पखवाड़े से संसद के शोर शराबे में जनहित से जुड़े सवाल गुम हो रहे है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती चल रही है। संसद के मानसून सत्र में स्थगन पर स्थगन लाए जा रहे है। नतीजतन संसद में कोई काम नहीं हो पा रहा है। इस अवरोध को दूर करने में न तो सत्तापक्ष दिलचस्पी दिखा रहा है और न ही विपक्ष सहयोग कर रहा है। दोनों एक दूसरे पर संसद न चलने देने का आरोप लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहे है। जब काम ही नहीं हो रहा है तो सत्र खत्म कर देना चाहिए।

# कैग की रिपोर्ट पर पूर्व व वर्तमान मुख्यमंत्री का ट्वीटर वार



*विशेष संवाददाता*

*रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत महालेखाकार की रिपोर्ट में राज्य की सड़कों के निर्माण के लिए आबंटित राशि के उपयोग पर छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भूतपूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बीच जोरदार ट्वीटर वार चल रहा है। जिसमें वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 15 साल मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह को मात दी है। दरअसल विधानसभा में प्रस्तुत कैग की रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड (सीजीआरडीसीएल) द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए आबंटित 1157 करोड़ रूपए में से सिर्फ 524 करोड़ रूपए व्यय किए जाने का उल्लेख है जो कि कुल आबंटन का लगभग 45 प्रतिशत होता है। इसी बात को लक्ष्य करते हुए डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट किया कि भूपेश बघेल सरकार की नीतियां और व्यवस्थाएं खोखली है और इस आबंटन का खर्च नहीं हो पाना इस सरकार की लापरवाही और निकम्मापन सिद्ध करता है।*

*इस ट्वीट का शायराना ढंग से जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि- डर कर आईना देखने से इंकार करता है फिर भी खुद ही खुद को बेनकाब करता है। इसके साथ ही उन्होने डॉ. रमन सिंह को यह याद दिलाया कि वर्ष 2018-19 में नौ महीनों तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और कांग्रेस की सरकार ने सिर्फतीन महीने इस वित्तीय वर्ष में कार्य किया है। उन्होने आंकड़े देकर यह भी बताया कि इस आबंटन से अपने नौ महीनों में डॉ. रमन सिंह सरकार में लगभग 28 प्रतिशत राशि का ही उपयोग किया था जबकि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद अगले तीन महीनों में लगभग 18 प्रतिशत राशि का उपयोग इस योजना में किया गया है जो यह साफ करता है कि यदि यह राशि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए उन्हे प्राप्त होती तो वे अच्छे परिणाम दे सकते थे।*

*वास्तव में विधानसभा में प्रस्तुत कैग की रिपोर्ट में वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार की जवाबदेही पर कोई सवाल नहीं उठाया गया है। सरकार के क्रियाकलापों और शासन द्वारा आबंटित राशि पर पैनी नजर रखने वाले कैग ने एक तरह से सरकार के काम पर कहीं भी उंगली नहीं उठाई है, जिससे यह साबित होता है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में वित्तीय अनुशासन का अच्छा अनुपालन हो रहा है। लगभग एक सप्ताह पूर्व प्रस्तुत इस रिपोर्ट में खामी नहीं निकाल पाने की छटपटाहट भाजपा में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है और उसी बेचैनी में भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने यह ट्वीट कर दिया था जिसके जवाब में उन्हे मुंह की खानी पड़ी है।*



## सेमीफाइनल हारकर भी हीरे जैसी चमक गई हमारी बेटियां

# अब कांस्य के लिए लड़ेगी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** हम हार की बात नहीं करेंगे। क्योंकि यह हार नहीं है। क्या हुआ सोना या चांदी हाथ में नहीं है। हमारे पास हीरे हैं। ऐसे हीरे जो ओलिंपिक में चमके हैं। पूरी दुनिया को उन्होंने अपनी चमक दिखाई है। भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से 2-1 से हार गई। पर ब्रॉन्ज का मौका उनके पास अभी भी है। अर्जेंटीना की तेजतर्रार टीम के मुकाबले जिन्हें कहीं भी मुकाबले में नहीं माना जा रहा था, उन लड़कियों ने क्या गजब खेल दिखाया। आखिरी 10 सेकंड तक उन्होंने विपक्षी टीम की धड़कनें बढ़ाए रखीं। ये लड़कियां हारकर भी हमारा ही नहीं, दुनिया का भी दिल जीत गईं।



**पहले ही 5 मिनट में अर्जेंटीना को कर दिया था हैरान**


पहले पांच मिनट में भारतीय हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को हैरान कर दिया। गुरजीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद अर्जेंटीना ने हिसाब बराबर कर दिया। मारिया बैरियोन्यूवो ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाने के लिए एक और पीसी को कन्वर्ट किया।

**दूसरे क्वार्टर में स्कोर किया बराबर:** अर्जेंटीना ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में अपने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए जोरदार वापसी की। अर्जेंटीना की कप्तान मारिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### नीरज चोपड़ा पुरुष भाला फेंक के फाइनल में



**टोक्यो (वार्ता)।** 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपने टोक्यो ओलंपिक अभियान का शानदार आगाज किया है। उन्होंने यहां बुधवार को क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पहले प्रयास में 86.65 मीटर के थ्रो के साथ सीधे क्वालीफिकेशन से पुरुषों के भाला ■ शेष पृष्ठ 6 पर



### पहलवान रवि कुमार फाइनल में और दीपक कांसे के लिए खेलेंगे

**टोक्यो (वार्ता)।** भारत के कुश्ती गुरु द्रोणाचार्य अवार्डी महाबली सतपाल के शिष्य पहलवान रवि कुमार दहिया और दीपक पुनिया ने बुधवार को टोक्यो ओलम्पिक के कुश्ती मुकाबलों के क्रमशः पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा और 86 किग्रा वर्गों के फ़ाइनल और कांस्य पदक मुकाबले में जगह बना ली। रवि को क्वार्टरफाइनल में बुल्गारिया के जॉर्जी वलेंटिनोव को 14-4 से हराने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने फिर सेमीफाइनल में जबरदस्त हाथ दिखाते हुए कजाखस्तान के नूरइस्लाम सुनियेव को चित कर फाइनल में जगह बना ली जहां गुरूवार को उनका मुकाबला रूसी ओलम्पिक समिति के जावूर युगेव से होगा। रवि इस जीत के साथ लंदन ओलम्पिक के रजत विजेता सुशील कुमार के बाद फ़ाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं और उन्होंने टोक्यो में भारत के लिए चौथा पदक सुनिश्चित कर दिया है।

## खास-खबर

### समुद्र में उतरा भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत



**नई दिल्ली (ए.)।** भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत 4 अगस्त को ट्रायल के लिए समुद्र में उतरा। इससे पहले जुलाई के आखिर में विक्रांत के बेसिन ट्रायल सफल रहे थे। ऐसे में विक्रांत को 2022 में नौसेना में शामिल किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका नाम INS विक्रांत पर रखा गया है, जिसने 1971 युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई थी। रक्षा मंत्रालय कार्यालय ने ट्वीट कर बताया है कि स्वदेशी विमान वाहक (IAC(P|1)) 'विक्रांत' के समुद्री परीक्षणों की शुरुआत हो चुकी है। ट्वीट में कहा गया है कि एयरक्राफ्ट कैरियर का स्वदेशी निर्माण 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया इनिशिएटिव' के लिए देश की खोज में एक जबरदस्त उदाहरण है।

## चंदूलाल मेडिकल कॉलेज अधिग्रहण मामले में सीएम के दामाद पहुंचे कोर्ट

- इंडियन एक्सप्रेस के संपादक सहित केंद्रीय मंत्रियों और सांसद को भेजा नोटिस



**दुर्ग/नवप्रदेश।** भिलाई स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के अधिग्रहण मामले में राजनीतिकरण के बाद अब नया मोड़ आ गया है। देश के प्रतिष्ठित समाचारपत्र इंडियन एक्सप्रेस में 29 जुलाई को छपी खबर को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दामाद क्षितिज चंद्राकर पिता श्री विजय कुमार चन्द्राकर निवासी 49 न्यु दीपक नगर दुर्ग ने कोर्ट में चुनौती दी है। इसके साथ ही अखबार के चीफ एडिटर, संवाददाता के साथ ही साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर को नोटिस भेजा है।

गौरतलब हो कि 29 जुलाई को इंडियन एक्सप्रेस अखबार ने चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के अधिग्रहण के संबंध में एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। जिसमें कहा गया था राज्य सरकार सीएम भूपेश बघेल के दामाद के परिवार को फायदा पहुंचाने के लिए ही इस निजी मेडिकल कालेज का अधिग्रहण कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### मानसिक आघात पहुंचने का लगाया आरोप

क्षितिज चंद्राकर ने अपने वकील के जरिये भेजे नोटिस में कहा है कि रिपोर्ट के द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। अखबार के इस रिपोर्ट से उनके और उनके के परिवार की प्रतिष्ठा खराब हुई है। क्षितिज ने कहा है कि जिस तरह की खबरें प्रकाशित की गई हैं, उससे उन्हें और परिवार को मानसिक आघात पहुंचा है। क्षितिज चंद्राकर ने कहा है कि उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने के लिए साजिश के तहत ये रिपोर्ट प्रकाशित की गयी है। उन्होने आरोप लगाया है कि इस तरह के रिपोर्ट में जिस तरह के आरोप लगाये गये हैं, उसके बाद से उनके परिजन मानसिक परेशानी से गुजर रहे हैं। नोटिस में इस तरह के रिपोर्ट को हुक्काट के सेक्शन 499, 500, 501 और 502 के खिलाफबताया है। नोटिस में कहा गया है कि इस मामले में अगर लिखित रूप से गलती को स्वीकार नहीं करेंगे तो इस मामले में सिविल और क्रिमिनल कोर्ट मे कानूनी प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

## लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण गुरुवार तक के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** लोकसभा में पेगासस जासूसी मामला, किसानों के मुद्दे और आसमान छूती महंगाई के मसले पर विपक्ष के सदस्यों ने लगातार 12वें दिन भी हंगामा जारी रखा जिसके कारण तीन बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

भोजनावकाश के बाद साढ़े तीन बजे तीसरी बार जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोबीच आ गये और नारेबाजी करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सदस्यों को शांत करने की कोशिश की लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। हंगामे के बीच ही श्री अग्रवाल ने नारियल विकास बोर्ड (संशोधन) अधिनियम 2021 को सदन में पारित कराने के लिए रखवाया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हंगामे के बीच सदन में विधेयक पारित होने के लिए पेश किया और सदन ने इसे बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के पारित होने के तत्काल बाद पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सदन की कार्यवाही लगातार तीन बार स्थगित हुई। प्रश्नकाल के दौरान दो बार के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## बढ़ते कोरोना केस के बीच केरल गई केंद्र की टीम को मिलीं कई खामियां

### राज्य सरकार को दिए सुझाव

**नई दिल्ली (ए.)।** केरल में बढ़ते कोरोना संक्रमण के केसों को देखते केंद्र की 6 सदस्यों की टीम वहां गई थी। टीम को केरल में कई खामियां मिली हैं। जिसके बाद केंद्र की टीम ने राज्य सरकार को कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं। एनसीडीसी के सुजीत सिंह की अगुवाई में केंद्र सरकार की 6 सदस्यीय टीम केरल गयी थी। केरल में कोरोना स्थिति और संक्रमण रोकने के लिए उठाए गए कदमों का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने राज्य सरकार से उसे बारे जानकारी साझा की।



इसी बीच केंद्र सरकार ने कोरोनावायरस को लेकर चेताया है कि अभी कोविड-19 की दूसरी लहर खत्म नहीं हुई है। सरकार का कहना है कि 8 राज्यों में 'आर' वैल्यू अब भी ज्यादा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के लव अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि देश के 57 जिलों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**टीम ने राज्य सरकार को दी ये सलाह**

- एक्टिव सर्विलांस बढ़ाएं
- आरटीपीसीआर टेस्ट बढ़ाने की जरूरत
- कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने की जरूरत
- होम आइसोलेशन में गाइडलाइन का पालन करने की जरूरत
- कोमाबिटिस वाले मरीजों को इंस्ट्यिूशनल क्वारंटीन की जरूरत
- 1 हफ्ते में जो पाबंदियां लगाई गई थी, उसका सही नतीजा नहीं मिला

## जम्मू-कश्मीर में 38 महीनों में मार गिराए गए 630 आतंकी

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

**नई दिल्ली (ए.)।** मई 2018 से जून 2021 के बीच जम्मू कश्मीर में कम से कम 630 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में दी।



उन्होंने बताया कि इस दौरान 400 एनकाउंटर्स भी हुए, जिसमें 85 जवान शहीद हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सीमा लगातार सीमापार से प्रयोजित आतंकवाद का शिकार रहा है।

**664 बार पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने बताया कि जून 2021 तक पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर में 664 बार सीजफायर का उल्लंघन करते हुए सीमापार से गोलीबारी की गई है। हालांकि मार्च महीने में यहां पर सीमा पार से गोलीबारी या सीजफायर उल्लंघन की एक भी घटना नहीं हुई थी।

**मोदी कैबिनेट में फैसला** — रेप के मामलों में पीड़िता को मिलेगा जल्द न्याय

# 1023 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने मिली कैबिनेट की मंजूरी

- देश में बड़ी संख्या में स्थापित होंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट
- पॉक्सो कोर्ट की भी बढ़ाई जाएगी संख्या
- पीड़ित महिलाओं-बच्चियों को मिलेगा जल्द न्याय



**नई दिल्ली (ए.)।** देश में बलात्कार पीड़ित महिलाओं और नाबालिग बच्चियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में नरेंद्र मोदी सरकार की कैबिनेट ने अहम फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1023 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार बड़ी संख्या में फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करेगी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि नाबालिग बच्चियों और महिलाओं को रेप के मामलों में न्याय दिलाने के लिए 1,023 फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाए जाएंगे। इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### खेल, बैगलेस स्कूल पर केंद्र करेगा काम

समग्र शिक्षा अभियान योजना में बच्चों को ट्रांसपोर्टेशन के लिए भी इंसेटिव दिया जाएगा। स्कूल में खेल को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त ग्रांट दिया जाएगा। बैगलेस स्कूल पर भी योजना के तहत काम किया जाएगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को 12वीं तक किया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण को 3 हजार से 5 हजार किया जाएगा।

### मार्च 2023 तक जारी रहेगी योजना

2018 में क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट में संशोधन कर यौन अपराधों के जघन्य मामलों में दोषियों के मृत्युदंड तक की व्यवस्था की गई थी। फास्ट ट्रैक की यह योजना मार्च 2023 तक जारी रहेगी। केंद्र सरकार की इस पहल से पीड़िताओं को जल्द से जल्द इंसाफमिल सकेगा।

### समग्र शिक्षा अभियान पर केंद्र का होगा फोकस

वहीं स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समग्र शिक्षा योजना पर सरकार विशेष बल देगी। समग्र शिक्षा अभियान पर लगभग 3 लाख करोड़ रुपये 2026 तक खर्च किए जाएंगी। तीन साल के बच्चों को भी खेल से जोड़ा जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान को भी इसमें जोड़ा गया है। इस योजना से करीब 15I6 करोड़ छात्रों को भी फायदा पहुंचेगा।

### जल्द से जल्द मिलेगा पीड़िताओं को इंसाफ

केंद्र सरकार ने साफकिया है कि इन फास्ट ट्रैक कोर्ट्स पर होने वाले खर्चों में 971 करोड़ रुपये के करीब केंद्र सरकार वहन करेगी, वहीं 601I16 करोड़ रुपये राज्य सरकारों को वहन करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस योजना को जब 2019 में लॉन्च किया गया था, तब सरकार की यही मानसिकता थी कि यौन अपराधों की शिकार महिलाओं और बच्चियों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उसके लिए कई अदालतें शुरू की गई थीं।

## राज्यसभा से तृणमूल के छह सदस्य निलंबित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने पेगासस जासूसी मामले, किसानों की समस्याओं और महंगाई को लेकर भारी शोरगुल और हंगामा किया जिसके कारण तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को दिनभर के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित कर दिया गया। सभापति एम. वेंकेया नायडू ने नियम 255 के तहत तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन, मोहम्मद नदीमुद्दीन, अबीर रंजन बिस्वास, शांता छेत्री, अर्पिता घोष और मौसम नूर पर यह कार्रवाई की है। ये सदस्य सदन के बीच में कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखा रहे थे और सभापति के आदेश की अवहेलना कर रहे थे। श्री नायडू ने सुबह कार्यवाही शुरु होने पर कहा कि जो सदस्य सदन के बीचों बीच खड़े है वे अपने स्थान पर चले जाए नहीं तो वह नियम 255 के तहत सदस्यों का नाम लेंगे और वे सदन की दिनभर की कार्यवाही से वंचित हो जाएगे। इसके बाद उन्होंने सदस्यों को सदन से बाहर जाने का आदेश दिया। इसके बाद भी सदस्यों का शोर- शराबा जारी रहने पर सभापति ने कहा कि जो सदस्य सदन के बीचो बीच खड़े है, सभा सचिवालय उनकी सूची सभापीठ को देगा। इसके बाद भी हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# एम्स ने किया आगाह स्टिरॉयड क्रीम का सावधानी से करें प्रयोग

## एम्स की रिसर्च में 80 प्रतिशत रोगी कर रहे दुरुपयोग

- **लाल त्वचा, मवाद से क्षति और चेहरे में असामान्य बालों की समस्या**
- **फंगल इंफेक्शन, गोरापन और मुंहासों में संभल कर करें उपयोग**



**रायपुर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के त्वचा रोग विभाग के एक शोध में पाया गया है कि प्रदेश के 80 प्रतिशत रोगी स्टिरॉयड क्रीम का फंगल इंफेक्शन और मुंहासों को ठीक करने के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं। इसकी वजह से विभिन्न प्रकार की त्वचा संबंधी बीमारियां हो रही हैं जिसमें त्वचा का लाल पड़ना (स्किन बर्निंग), मवाद की वजह से त्वचा को क्षति, चेहरे की त्वचा का फीका पड़ना और चेहरे पर असामान्य बालों का उगना शामिल है। शोध में 60 प्रतिशत ऐसे रोगी हैं जिनमें इस प्रकार के साइड इफेक्ट्स पाए गए हैं। त्वचा रोग विशेषज्ञों ने रोगियों को सलाह दी है कि वे सावधानीपूर्वक और केवल चिकित्सकों की निगरानी में ऐसी क्रीम का प्रयोग करें अन्यथा त्वचा सदैव के लिए खराब हो सकती है।

त्वचा रोग विभाग की डॉ. नम्रता छाबड़ा ने स्थानीय स्टिरॉयड युक्त क्रीम के संबंध में रोगियों के ज्ञान, व्यवहार और इसके प्रयोग के संबंध में 350 रोगियों के मध्य अध्ययन किया। शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई। इसमें पाया गया कि 80 प्रतिशत रोगी इन क्रीम का मुख्य रूप से फंगल इंफेक्शन और मुंहासों में दुरुपयोग कर रहे हैं। इन दोनों में ही इसका प्रयोग खतरनाक है।

40 प्रतिशत रोगियों को यह क्रीम आयुर्वेदिक या एलोपैथी के चिकित्सक बताते हैं। 55 प्रतिशत ऐसे रोगी भी पाए गए जो बिना किसी चिकित्सक की सलाह के स्वयं या दोस्त, फार्मेसिस्ट या परिवार के सदस्य की सलाह पर इन क्रीम का प्रयोग प्रारंभ कर देते हैं।

छत्तीसगढ़ में इस प्रकार का यह पहला शोध है जिसे देश के प्रमुख जर्नल इंडियन जर्नल ऑफ डर्मेटेलॉजी, वेनरोलॉजी और लेप्रोलॉजी में प्रकाशित किया गया है। इसमें 197 पुरुष और 153 महिला रोगियों को शामिल किया गया। इसमें 47 प्रतिशत 25 से 45 वर्ष की आयुवर्ग के थे और 40 प्रतिशत 25 वर्ष से कम आयु के रोगी थे। शोध में शामिल 31 प्रतिशत रोगी छात्र थे।

डॉ. छाबड़ा ने बताया कि एक्जिमा, विटिलिगो आदि त्वचा रोगों में स्थानीय स्टिरॉयड क्रीम का प्रयोग बहुतायत में किया जाता है। कम जानकारी की वजह से रोगी इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। इसकी आसानी से उपलब्धता और इसका सस्ता होना भी इसके दुरुपयोग का एक प्रमुख कारण है। जब तक रोगी इसके दुष्प्रभावों को समझकर त्वचा रोग विशेषज्ञों के पास पहुंचता है तब तक त्वचा को बहुत अधिक क्षति हो जाती है। कई रोगी तो इसका महीनों तक प्रयोग करते हैं जो हानिकारक होता है।

उन्होंने बताया कि स्टिरॉयड का प्रारंभिक प्रयोग शीघ्र परिणाम देने वाला होता है जिससे रोगी को लगता है कि उसे आराम मिल रहा है मगर ये क्रीम त्वचा की प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती है जिससे त्वचा पर फंगस और बैक्टीरिया तेजी के साथ फैलते हैं।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने सलाह दी है कि रोगियों को त्वचा संबंधी कोई भी दवा प्रयोग करने से पहले इसके तत्वों को जान लेना आवश्यक है। यदि इसमें स्टिरॉयड हैं तो त्वचा रोग विशेषज्ञों के निर्देशन में ही इनका सीमित उपयोग करें। यदि कोई साइड इफेक्ट दिखाई देता है तो चिकित्सक को इसकी जानकारी तुरंत दें।

## विशेष सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने नालंदा लाइब्रेरी को भेंट की पुस्तकें

**रायपुर/नवप्रदेश।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना आज डॉ. महादेव पांडेय नालंदा परिसर लाइब्रेरी पहुंचे और लाईब्रेरी परिसर का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए अपने सुझाव दिए। रायपुर कलेक्टर एवं नालंदा लाईब्रेरी समिति के अध्यक्ष श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में संचालित विद्यादान कार्यक्रम के अंतर्गत उपयोगी पुस्तकें दान स्वरूप प्राप्त कर इस लाइब्रेरी को समृद्ध किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देते हुए डॉ. प्रसन्ना अपने पुत्र प्रहधीश्वर एवं पुत्री स्वर्णा के साथ लाइब्रेरी के नोडल अधिकारी श्री केदार पटेल एवं लाइब्रेरियन डॉ. मंजुला जैन को उपयोगी पुस्तकें भेंट की।



लाइब्रेरी के नोडल अधिकारी श्री केदार पटेल ने विद्यादान कार्यक्रम के संबंध में बताया कि अब तक लगभग 11 हजार पुस्तकें दानस्वरूप लाइब्रेरी को प्राप्त हुई हैं। विद्यादान कार्यक्रम के जरिए पुस्तक भेंट करने के इच्छुक नागरिक कार्यालयीन समय में नालंदा परिसर आकर लाइब्रेरी में पुस्तकें भेंट कर सकते हैं। दान की गई पुस्तकों पर दानदाता के नाम भी प्रदर्शित किया जाता है।

## न्यूज गैलरी

### कलिंगा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। कलिंगा विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के साथ-साथ कर्मचारियों के कल्याण हेतु प्रयासरत रहता है। हाल ही में विश्वविद्यालय ने सीएमएचओ, रायपुर की सहयोग से छात्रों और कर्मचारियों के लिए निशुल्क आरटीपीसीआर परीक्षण और निशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया था। कलिंगा विश्वविद्यालय ने 3 और 4 अगस्त 2021 (मंगलवार एवं बुधवार) को विश्वविद्यालय परिसर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, राजनांदगांव एवं रिजुवेन लिमिटेड के सहयोग से भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त कैप्टन एसी पोखरियाल की अध्यक्षता में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके सभी कर्मचारियों और छात्रों की मेडिकल जांच की गई है, जिसमें बैक एंड पर अमेज़ॅन वेब सर्वर द्वारा संपूर्ण विश्लेषण किया गया ।



### मिसेस सावन ब्यूटी कॉन्टेस्ट 2021




**रायपुर/नवप्रदेश।** नेचुरल ब्यूटी पार्लर, रिआयू फर्म, शैलेष कुमार एण्ड ब्रदर्स ज्वेलर्स और लेखिका अभिरीमा द्वारा फाफाडीह चौक स्थित शारदा होटल में दिनांक 18.08.2021, दिन बुधवार को मिसेज सावल ब्यूटी कॉम्पीटिशन, जिसका थीम ग्रान- समय दोपहर 12.00 बजे से रखा गया है। अतः इच्छुक प्रतिभागी इस नंबर पर 8305550386, 7000458631, 9329710181 पर रजिस्ट्रेशन शुल्क और आवेदन कि जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### विस् अध्यक्ष ने बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दंतेवाड़ा के माटी पुत्र, बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा जी की जयंती पर उन्हें स्मरण कर दी श्रद्धांजलि। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, महेंद्र कर्मा छत्तीसगढ़ राज्य से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आदिवासी राजनीतिक नेता थे। वह 2004 से 2008 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। 2005 में उन्होंने छत्तीसगढ़ में माओवादी समूह नक्सलियों के खिलाफ सलवा जुडूम आंदोलन के आयोजन में एक शीर्ष भूमिका निभाई। 2000 से 2004 में राज्य गठन के बाद से कैबिनेट में उद्योग और वाणिज्य मंत्री थे। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ आंदोलन का प्रणेता कहा जाता है। आदिवासी नेता महेंद्र कर्मा को बस्तर का टाइगर कहा जाता था. नक्सलवाद के खिलाफ उन्होंने 2005 में सलवा जुडूम अभियान शुरू किया था।

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार, 74 सिरप जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** नशीली कफ सिरप बेचने की सूचना पर रायपुर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 74 नग कफ सिरप एवं बिक्री की नगदी रकम 3200 रुपये जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की बीति रात नेहरुनगर ढलान के पास एक व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप एक लाल रंग की बैग में रखकर बेचने की सूचना पर मौके पर पहुंच घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ उसके कब्जे से 74 शीशी कफ सिरप प्रत्येक शीशी में 80 एमएल अनुमानित कीमत 8880 रुपये एवं बिक्री की रकम 3200 रुपये बरामद की है। पकड़े गए आरोपी के नाम पुछने पर उसने अपना नाम नवीन नायक 26 वर्ष पिता विनोद कुमार नायक निवासी कालीबाड़ी कोतवाली रायपुर बताया है। आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाही की गई है।

### दादा का इलाज कराने आए युवक से लूट

**रायपुर/नवप्रदेश।** दादा का इलाज कराने रायपुर आये युवक को चाकू दिखाकर अज्ञात बाईक सवार व्यक्तियों ने मोबाईल व 3500 रुपये लूटकर फरार हो गए। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र भण्डारा निवासी फजल कुरैशी 19 वर्ष पिता अब्दुल शाजिद कुरैशी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह अपने दादा का इलाज कराने रायपुर आया हुआ है व पुलिस ट्रांजिट मेस में रुका है। प्रार्थी मंगलवार 3 अगस्त को रात्रि 11.15 बजे ट्रांजिट मेस से अपने बहनोई ढेबर निवास के पास पेंशनबाड़ा पैदल जा रहा था। उसी समय काले रंग के पल्सर मोटरसाइकिल में तीन लड़के उम्र लगभग 25 से 28 वर्ष आकर उससे बैरनबाजार का पता पुछने लगे व उनमें से एक लड़का उसे पीछे से पकड़ लिया और तीनों मिलकर उसे धारदार हथियार टिकाकर उसके जेब से 3500 रुपये एवं एक नग वीवों कंपनी का मोबाईल तथा मोबाईल के कवर में रखा एक यूकों बैंक का एटीएम लूटकर भाग गए।

## चिकित्सा इकाईयों को 'बेबी फ्रेंडली' बनाने की है जरूरत

- **स्तनपान है शिशुओं का सर्वोत्तम आहार और मौलिक अधिकार भी**

**रायपुर/नवप्रदेश।** अगस्त माह का प्रथम सप्ताह 'विश्व स्तनपान सप्ताह' के रूप में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जा रहा है। स्तनपान शिशुओं के लिए ना केवल सर्वोतम आहार है बल्कि उनका मौलिक अधिकार भी हैं।

स्तनपान सप्ताह के लिय इस वर्ष की थीम 'स्तनपान की रक्षा एक साझी जिम्मेदारी प्रोटेक्ट ब्रेस्ट फिडिंगः रेसपांसबिलिटी इस बात पर जोर देती हैं कि स्तनपान पूरी दुनिया भर में सभी के अस्तित्व, स्वास्थ्य और देखभाल में अपना योगदान देती है। स्तनपान की सुरक्षा पूरी मानव जाति की जिम्मेदारी हैं। माँ का दूध अमृत समान होता है। इसका सेवन हर बच्चे का हक है।

माँ भी पहली बार जब बच्चे को स्तन से लगाती है प्रसव पश्चात् होने वाली समस्त पीड़ा को भूल जाती है। स्तनपान माँ और बच्चे दोनों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। भारत सरकार ने वर्ष 2016 में स्तनपान ऊपरी आहार को बढ़ावा देने के लिये 'माँ' कार्यक्रम की शुरूवात की थी। माँ कार्यक्रम के अंतर्गत सभी चिकित्सा इकाईयों को 'बेबी फ्रेंडली' बनाने की आवश्यकता हैं।



स्तनपान से शिशु एवं बाल जीवितता पर अहम प्रभाव पड़ता है, जिन शिशुओं को एक घण्टे के अन्दर स्तनपान नहीं कराया जाता हैं उनमें नवजात मृत्यु दर की संभावना 33 प्रतिशत अधिक होती हैं। 06 माह की आयु तक शिशु को केवल स्तनपान कराने पर सामान्य रोग जैसे दस्त रोग एवं निमोनिया के खतरें में क्रमशः 11 प्रतिशित व 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती हैं। स्तनपान स्तन कैंसर से होने वाली मृत्यु को भी कम करता है।

माँ के दूध में शिशु की आवश्यकतानुसार पानी होता हैं। छःमाह तक ऊपर से पानी देने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। नवजात शिशु की मॉग के अनुसार स्तनपान कराया जाये, यानि जितनी बार शिशु चाहे उसे उतनी बार स्तनपान करायें। बच्चे को चुसनी, निप्पल अथवा सूदर (चबाने के लिये मुलायम खिलौने) आदि नहीं दिया जाना चाहिए।

माँ के दूध में आवश्यक पोषक तत्व, खनिज विटामिन, प्रोटीन वसा, एन्टीबाडीज और ऐसे प्रतिरोध कारक मौजूद होते है, जो नवजात शिशु के सम्पूर्ण विकास और स्वास्थ्य के लिये आवश्यक हैं। शिशु के जन्म से छः माह तक माँ का दूध ही बच्चे के लिये सम्पूर्ण आहार की सभी जरूरते पूरी करता हैं।

स्तनपान बच्चे और माँ के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करता है। बच्चे को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने में मदद करता हैं। माँ का दूध सुपाच्च होता है। यह शिशु के पाचन क्रिया के अनुरूप निर्मित होता है। माँ के दूध में है, मौजूद कैल्शियम शिशु के द्वारा अवशोषित कर लिये जाते है, जो हडिडयों को मजबूत बनाते है।

स्तनपान के द्वारा मां को ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर के खतरे कम किया जा सकता है। प्रसव पश्चात् होने वाले रक्त स्त्राव को कम करता हैं। परिवार नियोजन के लिये लाभदायक स्तनपान वजन कम करने में सहायक होता है। जब माँ अपने शिशु को स्तनपान कराती हैं तो उसका शरीर लगभग 450 से 500 कैलोरी खर्च करता है. इससे प्राकृतिक ढंग से वजन कम करने में मदद मिलती हैं।

स्तनपान एक स्वभाविक व जलवायु हितैषी प्रक्रिया है जिससे कचरे व प्रदूषण का सृजन नही होता हैं। मां के दूध के विकल्प के रूप में बाजार में उपलब्ध जैसे कि ब्रेस्ट मिल्क सब्सिट्यूट अल्ट्रा प्रोसेस्ड फुड पदार्थ होते हैं। इनके उत्पादन, पैकेजिंग, वितरण, मार्केटिंग और उपयोग की प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन होता है और पृथ्वी पर अतिरिक्त बोझ पड़ता हैं।

वही माँ के दूध के विकल्प के उपयोग में बोतल, निप्पल, कंटेन्ट आदि सामग्री भी उत्पन्न होती है। जिसके निपटाने की भी जरूरत पड़ती है, यही वजह है कि विशेषज्ञ स्तनपान को पर्यावरण हितैषी मानते हैं।

## ट्रक ने बाईक को मारी ठोकर, 1 की मौत एक घायल

**रायपुर/नवप्रदेश।** तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। मामले की शिकायत धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हिरमी सुहेला बलौदाबाजार निवासी रामकुमार साहू 34 वर्ष पिता रामखिलावन साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 3 अगस्त को रात 08 बजे के करीब ग्राम कपसदा के पास धरसींवा में प्रार्थी अपने साथी के साथ बाईक से जा रहा था तभी अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते अमीत वर्मा 37 वर्ष पिता राधेश्याम वर्मा निवासी ग्राम बिटकूली सुहेला बलौदाबाजार की मौके पर ही मौत हो गई तथा प्रार्थी घायल हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304,279,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## दिव्यांग लता और रानिया को प्रदान किया नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**रायपुर/नवप्रदेश।** समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने अपने निवास में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग सुश्री लता डान्डे एवं सुश्री रानिया देवांगन को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल के माध्यम से बिना किसी पर निर्भर रहते हुए कहीं भी आ जा सकेंगे। इससे उनका जीवन बहुत सरल हो जाएगा।

सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ उन्हें समय पर विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से दिव्यांगजनों के सपने साकार होने लगे हैं। लता डान्डे एवं रानिया देवांगन निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से बेहद खुश है। उन्होंने राज्य सरकार को योजना की जानकारी देने एवं उपकरण प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## छग में कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगवाने वालों की संख्या एक करोड़ से पार

- **पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर अब तक 1.24 करोड़ टीके लगाए गए**
- **45 वर्ष से अधिक के 89 प्रतिशत नागरिकों को लगाया जा चुका है कोरोना से बचाव का पहला टीका**



**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में कोरोना से बचाव का पहला टीका लगवाने वालों की संख्या एक करोड़ से पार हो गई है। प्रदेश में 3 अगस्त तक एक करोड़ 11 हजार 363 लोगों को इसका पहला टीका लगाया जा चुका है। कोरोना वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर अब तक कुल एक करोड़ 24 लाख 13 हजार 724 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश के 24 लाख दो हजार 361 नागरिकों को दोनों टीके लग चुके हैं।

राज्य में तीन लाख नौ हजार 334 स्वास्थ्य कर्मियों, तीन लाख 17 हजार 172 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 52 लाख दस हजार 068 और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 41 लाख 74 हजार 789 नागरिकों को पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं दो लाख 45 हजार 714 स्वास्थ्य कर्मियों, दो लाख 29 हजार 897 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 17 लाख 48 हजार 292 तथा 18 से 44 आयु वर्ग के एक लाख 78 हजार 458 लोगों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक के 89 प्रतिशत तथा 18 से 44 आयु वर्ग के 31 प्रतिशत नागरिकों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है।

## छत्तीसगढ़ी भाषा को शिक्षा में शामिल करने हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई

- **माशिमं और स्कूल शिक्षा विभाग देंगे जवाब**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ी भाषा को प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए दायर जनहित याचिका पर डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इसकी पहली सुनवाई आज बुधवार को हुई। जनहित याचिका की सुनवाई कार्यकारी चीफ जस्टिस प्रशांत मिश्रा व जस्टिस एन के चंद्रवंशी के डिवीजन बेंच में हुई। डिवीजन बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग व माध्यमिक शिक्षा मंडल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके लिए दो सप्ताह की मोहलत दी है। अगली सुनवाई 26 अगस्त को है।

दरअसल छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा मिले 21 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए सरकार की ओर से आज भी प्रयास जारी हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को स्थान देने के लिए पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने पहल तो की थी, इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन सरकार के आदेश का फरमान भी सरकारी अधिकारी करते नजर नहीं आ रहे हैं।



### यह है याचिकाकर्ता की मांग

छत्तीसगढिया महिला क्रांति सेना की प्रदेशाध्यक्ष लता राठौर ने वकील यशवंत ठाकुर के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की मांग की है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर अध्ययन अध्यापन छत्तीसगढ़ी मातृभाषा में करने की मांग करते हुए इसके लिए राज्य शासन को निर्देशित करने की गुहार लगाई है।

### इन मुद्दों को बनाया माध्यम

याचिका के अनुसार एनसीईआरटी ने वर्ष 2005 आदेश जारी किया था इसमें स्पष्ट कहा है कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए मातृभाषा सशक्त माध्यम होता है और महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2009 में केंद्र सरकार द्वारा जारी बालक-बालिका शिक्षा के अधिकार कानून की धारा 29 का जिक्र करते हुए कहा है कि राज्य शासन प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक की पढ़ाई बच्चों को मातृभाषा में प्रदान करेगी। याचिकाकर्ता ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा मातृभाषा में अध्ययन अध्यापन को लेकर समय-समय पर जारी आदेशों का छत्तीसगढ़ राज्य में परिपालन नहीं हो रहा है।

**सार्थक पहल** | **भारत सरकार ने दी हाथियों को रेडियो कॉलर लगाने की अनुमति**

# हाथियों को रोकने का प्रयास सफल, वन मंत्री ने दी ये आंकड़ेवार जानकारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रहे हाथी मानव द्वंद को रोकने राज्य सरकार पूरी तरह से सजग दिखाई दे रही है। यहीं कारण है कि वन विभाग के माध्यम से हाथियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आने से रोकने के लिए प्रयोग के तौर पर नई योजना ला रही है। जिसमें अतिशेष धान को हाथियों के भोजन के रूप में गांव और शहर के मुख्य द्वार पर रखा जाएगा ताकि हाथी इसे खाकर ग्रामीणों को नुकसान किए बगैर लौट जाए।

हालांकि सरकार की इस योजना को लेकर विपक्ष हमलावर है। एक तरफ सरकार जहां हाथी मानव द्वंद को रोकने की पहल कर रही है, तो वहीं विपक्ष इसे भ्रष्टाचार छिपाने का तरीका बताया था। विपक्ष को तीखे सवालों का जवाब देने बुधवार को वन मंत्री मो. अकबर ने कहा प्रयोग के तौर पर सिर्फ 9 जिलों में क्रियान्वित की गई है, जो बेहद सफल रही।

### तीन स्थानों पर खाया 14 क्विंटल धान

हाथियों से मानव को होने वाली हानि को रोकने गांवों में हाथियों के दल के लिए खुले स्थान पर धान रखने का जो प्रयोग किया गया है, वह सफल होता दिख रहा है। प्रदेश के तीन अलग-अलग वनमंडलों में खुले स्थान पर धान रखा गया था। इसमें से सुरजपूर वनमंडल के तीन स्थानों पर हाथियों के दल ने 14 क्विंटल धान खाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सुरजपूर, धरमजयगढ़, बालोद वनमंडल में अलग-अलग स्थानों पर खुले में धान रखा गया था। इसमें से सुरजपूर वनमंडल के बंशीपूर 1682, 1683 में हाथी ने 4 क्विंटल धान खाया है। इसी तरह टुकुडांड 43 में 4 क्विंटल तथा बगड़ा पी-9 में हाथी ने 6 क्विंटल धान खाया है। दो स्थानों पर, बेहरामपुर बीट में दो स्थानों पर और हाटी बीट में दो स्थानों पर धान रखा गया, लेकिन हाथी दलों ने नहीं खाया। वहीं बालोद के गोटुलमुड़ा, जबकोरा और मंगलतराई बीट में 20 क्विंटल धान रखा गया था, जिसे हाथी दलों ने नहीं खाया है।



### अलर्ट सिस्टम के जरिए देंगे ग्रामीणों को सूचना

वन मंत्री ने बताया, वन विभाग ने रहवासी क्षेत्रों को जंगली हाथियों से बचाने के लिए प्रयोग के तौर पर धान रखने का काम शुरू किया है। इसके तहत पहले अलर्ट सिस्टम के जरिए ग्रामीणों को हाथियों के आगमन की सूचना देनी है। यह जानते हुए कि हाथी भोजन की तलाश में आ रहे धान के बोरों को खोलकर हाथी दल के मार्ग में रखना है, ताकि गांव के बाहर ही भोजन पाने के बाद हाथी मकानों को क्षतिग्रस्त न करें। ऐसा उन्हीं क्षेत्रों में किया जाना है जहां हाथियों की मौजूदगी है। पूरे राज्य में ऐसा नहीं किया जाएगा। वन मंत्री का कहना था, वन विभाग इसके लिए अलग से धान नहीं खरीद रहा है। यह खाद्य विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का विभागीय अंतरण है। वन मंत्री ने यह भी दावा किया कि विभाग हाथियों के लिए सड़ा हुआ धान नहीं ले रहा है।

### प्रदेश में मौजूद हैं 307 जंगली हाथी

वन मंत्री ने बताया, इस समय प्रदेश में 16 प्रमुख दलों में 307 हाथी प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में मौजूद हैं। हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में प्रमुख रूप से रेहन, तमोर-पिंगला, बादलखोल अभयारण्य, प्रतापपुर, रघुनाथपुर, तपकरा, कुनकुरी, मनोरा, दुलदुला, छाल, धरमजयगढ़, कापू, लैलूंगा, बोरा, बाकारूमा, कुदमुरा, करतला, पसांद, कटघोरा, रायगढ़, घरघोड़ा, तमनार, बालोद, मैनपुर और कोठारी शामिल हैं।

## संपादकीय

# शोरगुल में गुम हो रहे मुद्दे

संसद के मानसून सत्र में हो रहे हंगामें के कारण पिछले एक पखवाड़े से संसद के दोनों सदनों ने सामान्य कामकाज भी नहीं हो पा रहा है। शोर शराबे में जनहित से जुड़े मुद्दे गुम हो रहे है। विपक्ष स्थगन पर स्थगन लाकर संसद की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। सत्तापक्ष भी इस गतिरोध को तोड़ने में कोई खास रूचि नहीं ले रहा है। संसद की कार्यवाही पर हर घंटे तीन लाख रूपए का खर्च आता है जो व्यर्थ जा रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर संसद न चलने देने का आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे है। संसद में हो रहे शोर शराबे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होने कहा है कि विपक्ष संसद और लोकतंत्र का अपमान कर रहा है। बजाएं चर्चा करने के विपक्ष के नेता कागज फाड़ रहे है और अपने इस आचरण के लिए सदन से माफी भी नहीं मांग रहे है। केन्द्रिय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने तो और भी तल्ख टिप्पणी की है, उन्होने कहा है कि विपक्ष की स्थिति किसान यूनियन की तरह हो गई है जिनके पास कोई प्रस्ताव नहीं है इसलिए वे चर्चा से भाग रहे है। वहीं विपक्ष के नेताओं ने संसद में काम न होने के लिए सत्तापक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। शिवसेना का तो कहना है कि सदन को चलाना सत्तापक्ष की जिम्मेदारी होती है। बेशक विपक्ष का यह कहना सही है लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि सदन को सुचारू रूप से चलाने में विपक्ष का सहयोग भी जरूरी होता है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही मिलकर यह जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। एक दूसरे पर आरोप लगाकर वो अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। देश की जनता तो यह उम्मीद करती है कि संसद में उनकी समस्याओं पर सार्थक चर्चा होगी और समाधान का रास्ता निकलेगा लेकिन संसद में हो रहे हंगामें के कारण जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दो पर कोई चर्चा ही नहीं हो पा रही है। सत्तापक्ष और विपक्ष को अपनी हठधर्मिता छोड़कर संसद को सुचारू रूप से चलाने का रास्ता तलाशना चाहिए अन्यथा संसद का मानसून सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़कर रह जाएगा और कई महत्वपूर्ण विधेयक लंबे समय के लिए अधर में लटककर रह जाएंगे।

## विचार

# नीतीश के नए तेवर पर सवाल



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीशकुमार बड़े मजेदार नेता हैं। वे कई ऐसे अच्छे काम कर डालते हैं, जिन्हें करने से बहुत-से नेता डरते रहते हैं। अपने देश में कितने मुख्यमंत्री हैं, जो जनता दरबार लगाने की हिम्मत करते हैं? आम आदमी का तो उनसे मिलना ही मुश्किल होता है। उनके टेलिफोन ऑपरेटर और निजी सचिव ही ज्यादातर लोगों को टरका देते हैं लेकिन एक जमाना था जबकि इंदिरा गांधी, चौधरी चरणसिंह, चंद्रशेखर, विश्वनाथप्रताप सिंह और राजीव गांधी प्रधानमंत्री निवास पर अक्सर जनता दरबार लगाते थे। कोई भी नागरिक वहां पहुंचकर अपने दिल का दर्द बयान कर देता था। न सिर्फ उसकी शिकायत को ध्यान से सुना जाता था, बल्कि उसके समाधान के आदेश भी तुरंत जारी किए जाते थे। कल पटना में नीतीश के जनता दरबार में ऐसे कई किस्से सामने आए। कुछ नागरिकों ने कहा कि अफसरों ने हमसे रिश्वतें मांगी और जब हमने कहा कि ये बात हम मुख्यमंत्री को बताएंगे तो अफसरों ने कहा कि जाओ, चाहे जिसको बताओ। यहां तो पैसा धरो और काम करवाओ। नीतीश ने अपनी सरकार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों से ऐसे सभी मामलों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। करीब तीन साल पहले पटना में नीतीशजी से मैंने कहा भाई, आपने सारे बिहार में शराबबंदी लागू कर दी लेकिन पटना के पाँचसितारा होटल में मद्यपान जारी है। अब गरीब ग्रामीण लोग लुटेंगे और मंहगी शराब पीने के लिए पटना आएंगे। उन्होंने तुरंत आदेश देकर पटना में भी शराबबंदी लागू करवा दी। इसी प्रकार जब वे रेलमंत्री थे तो इन्होंने मेरे सुझाव पर रेल के हर कार्य में हिंदी को पहले और अंग्रेजी को पीछे कर दिया। इसी तरह से पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने पेगासस-जासूसी पर भी ऐसी बात कह दी, जिस पर सभी भाजपा-गठबंधन के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में बहस क्यों न हो? उन्होंने टेलिफोनी-जासूसी पर अपनी बात इस अदा से कही जैसे प्रदेशों में ऐसी कोई जासूसी होती ही नहीं है। वे संयुक्त संसदीय समिति की छानबीन को भी टाल गए लेकिन उनके यह कहने के ही कई अर्थ लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों की राय है कि नीतीश अब कहीं विपक्ष से हाथ मिलाने की तैयारी तो नहीं कर रहे हैं ? उनको पल्टा खाने में ज़रा भी देर नहीं लगती ! वे कब किसके साथ हो जाएं, कुछ पता नहीं। उनकी सबके साथ पट जाती है। उनकी जातीय जनगणना की मांग का भी अर्थ यही लगाया जा रहा है कि वे देश के सभी अनुसूचितों और पिछड़ों को अपने साथ जोड़ना चाहते हैं। उनके इसी तेवर की व्याख्या करते हुए कुछ लोग उन्हें अगला प्रधानमंत्री घोषित करने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छा हुआ कि नीतीश ने इस कपोल-कल्पना का दो-टूक खंडन कर दिया, वरना बिहार में उनका मुख्यमंत्री पद भी खटाई में पड़ सकता था।

# ताइवान पर चीनी आक्रमण अब और करीब!



कुमार रमेश

आज दुनियाभर में 5जी तकनीक को लेकर जो लड़ाई चल रही है उसका केंद्र ताइवान ही है, क्योंकि दुनिया को 60 प्रतिशत चिप की सप्लाई ताइवान की टीएसएमसी ही करती है जिसका इस्तेमाल ब्लूटूथ से लेकर रडार तक में होता है। अमेरिका इस बात को बेहतर समझता है कि अगर भविष्य की तकनीक पर चीन ने कब्जा जमा लिया तो वह ना सिर्फआर्थिक, मिलिट्री और कूटनीतिक; बल्कि सभी मोर्चो पर चीन से पिछड़ जाएगा। इसलिए अमेरिका सब तरफसे चीन को घेरने के लिए अपनी पॉलिसी में जबरदस्त बदलाव कर रहा है, फिर चाहे वह तिब्बत पर कब्जे का मामला हो या उइगुर मुस्लिमों के जनसंहार का; लद्दाख में भारत का सपोर्ट करना हो या जापान के सेनकाकू आइलैंड का या फिर चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना को अपने बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड परियोजना से काउंटर करना, आज हर तरफअमेरिका अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके चीन पर आक्रमकता दिखा रहा है। हाल ही में अमेरिका ने वुहान लैब लीक थियोरी की जांच का आदेश देने के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कोरोनावायरस के मेन मेड थियोरी संबंधी पोस्ट्स को अनब्लॉक करवा दिया है ताकि लोग खुलकर इसके उद्गम पर बात कर सके और दुनियाभर में चीन को विरोध का सामना करना पड़े।

यह वास्तविक सत्य है कि इतिहास खुद को ज़रूर दोहराता है। पूरी दुनियां को त्रासदी में धकेलने के बाद अब कोरोनावायरस वापस उसी जगह पहुंच गया है जहां से उसकी शुरुआत हुई थी। हालांकि जिस भयानकता से यह पूरे चीन में फ़ैल रहा है, उससे यह संभावना फिर से प्रबल हो रही है कि अपनी साख बचाने के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग कहीं ताइवान पर हमले का आदेश न दे दें। यह पहली बार नहीं है कि राष्ट्रपति शी किसी मुद्दे से असहज हुए हैं, और हर मुद्दे का तोड़ उनकी नजर में ताइवान न हो। लेकिन अगर हम कूटनीतिक कड़ियों को बारीकी से समझें, तो निष्कर्ष यही है कि प्रत्येक चीनी संप्रभुता वाले मुद्दे की आड़ में ताइवान पर आक्रमण का अंदेशा कदम दर कदम नजदीक होता जा रहा है। भारतीय लद्दाख में घुसपैठ हो या उइगुर मुस्लिमों पर अत्याचार, दुनियां में चिप सप्लाई में रुकावट हो या फूजियान प्रांत में भारी मिलिट्री ड्रिल, क्वाड की रूपरेखा हो या दक्षिणी चीन सागर की लड़ाई; इन सबका केंद्र ताइवान ही है, जिसे चीनी सरकार किसी भी कीमत पर कब्जाना चाहती है। बेशक यह मुद्दा माओत्से तुंग के समय से नासूर बना हुआ है लेकिन उनके बाद के सभी राष्ट्रपतियों में शी जिनपिंग ने ही इसपर सबसे ज़्यादा आक्रमकता दिखाई है, और इसका प्रमुख कारण जीवनकाल तक राष्ट्रपति रहने के वादे से है जिसपर वो किसी भी किस्म की दाग या कोई मुद्दा शेष नहीं रहने देना चाहते।

हाल ही में चीन की सरकार ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का फोन ही उठाना बंद कर दिया, और विदेश मंत्रालय आधिकारिक व्यक्तव्य जारी करके उन्हे बदतमीज और सरफिरा कह रहा है। दरअसल अमेरिकी रक्षा मंत्री चालाकी भरे अंदाज़ में अपने चीनी समकक्ष की जगह चाइनीज मिलिट्री कमीशन के वाइस चेयरमेन जू कुईलियांग को फोन लगा रहे थे। वह यह टेस्ट करने की कोशिश कर रहे थे कि चीनी सरकार जू से उनकी बात कराती है या नहीं। क्योंकि अमेरिका की नजर में वहां की सरकार एक तोता है, जबकि असली ताकत चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी के हांथो में है, और जू ही वो व्यक्ति हैं जिनके हाथों में ताइवान का मामला है। दरअसल कुछ महीनों से रुक-रुककर चीनी मीडिया लगाकर ताइवान पर आक्रमण की खबरें चला रही है इसलिए ऑस्टिन जू से बात करके ताइवान के मुद्दे पर ठोस आश्वासन लेना चाहते थे, लेकिन फोन न उठाकर चीन ने उस आशंका की संभावना को मुहर ही लगाई है। इसलिए मुझे लगता है कि दोस्ताना रिश्तों की चाह वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी अब चीनी नीति पर भौहें सिकुड़कर अपने पूर्ववर्ती को याद करते होंगे। क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप एक राष्ट्रपति के रूप में भले ही बेवकूफ रहे होंगे लेकिन उनमें एक कमाल की काबिलियत थी, कि लोगों को चिढ़ाते कैसे हैं। इसीलिए अमेरिका ने शीत युद्ध में सोवियत संघ के खिलाफ़अपनाई हुई नीति को शीत युद्ध 2.0 में चीन के खिलाफ़ लागू कर चीनी राष्ट्रपति को प्रेसीडेंट की जगह सेक्रेटरी जनरल संबोधित करना प्रारंभ कर दिया है। 1972 के बाद 2020 में पहली बार अमेरिका ने ताइवान में अपने उच्चस्तर के दूत भी भेजे। इन सब के अलावा क्वाड को मजबूत करने, दक्षिणी चीन सागर में सबसे घातक एयरक्राफ़्ट कैरियर यूएसएस निमिट्ज को भेजने और 90 दिनों के भीतर कोरोनावायरस के उद्गम का पता लगाने संबंधी आदेश देकर भी अमेरिका जब चीन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल नहीं कर पाया तब बाइडेन प्रशासन ने 60 सालों से सबसे क्लासीफाइड दस्तावेज को पूर्व सैन्य विश्लेषक एल्सबर्ग से लीक करवा दिया, जिसके अनुसार ताइवान को बचाने और उसपर कब्जा रोकने के लिए अमेरिका 1958 में ही चीन के ऊपर परमाणु बम गिराने वाला था, लेकिन सोवियत संघ से रिश्ते खराब होने और अनचाहे युद्ध की आशंका से उसने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। दरअसल अमेरिका इस लीक के जरिए चीन को यह संदेश पहुंचाना चाह रहा था, कि वो आज भी ऐसा करने की ताकत रखता है, और ताइवान को अकेला ना समझा जाए। लेकिन बाद के वर्षों में जब चीनी राष्ट्रपति माओत्से तुंग से इस बारे में पूछा गया था तब उन्होंने सख्त लहज़े में कहा था कि बम गिराकर भी अमेरिका सबको नहीं मिटा सकता, यानी माओ कहना चाहते थे कि बाद में अगर कोई इस देश मे बच गया तो भी वह एक दिन ताइवान को कब्जा कर ही लेगा। इसके बाद तीव्रगति से चीन ने परमाणु कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया और 16 अक्टूबर 1964 को प्रोजेक्ट-596 के तहत शिनजिआंग प्रान्त के लोप नूर में खुद बम परीक्षण करके पांचवां परमाणु संपन्न राज्य बन गया।



लेकिन डर इस बात का है कि यदि यह जांच सही पाया गया तो राष्ट्रपति शी, चीनी जनता के बीच अपनी इमेज बचाने के लिए निश्चित ही ताइवान पर हमला कर देंगे, क्योंकि कुछ महीनों पहले दक्षिणी प्रांत फूजियान में उच्चस्तर की मिलिट्री ड्रिल इसीलिए प्रायोजित की गई थी कि तीन तरफ पहाड़ों से घिरे ताइवान पर आखिर किस तरह से आक्रमण करके कब्ज़ा किया जाएगा।

उसी दौरान चीन ने एलएसी में एस-400 मिसाइल सिस्टम और 20000 सैनिकों को तैनात कर दिया था, जिसके जवाब में भारत ने भी अपने 50000 सैनिकों की तानाती बढ़ा दी। लेकिन मैं समझता हूं कि यह सब सिर्फएक छलावा है। चीन यहां पर इसलिए तैयारियां कर रहा है ताकि जब वो ताइवान को कब्जाने मे व्यस्त हो, तो भारत कहीं अपना नॉर्थ फ्रंट ना खोल दे, क्योंकि क्वाड सदस्य होने के नाते भारत पर इन सबका कूटनीतिक दबाव आना स्वाभाविक है। बहरहाल निष्कर्ष यह है कि यूएस पेंटागन रिपोर्ट हो या जापानीज़ डिफेंस रिपोर्ट या फिर कोई स्वतंत्र संस्था, सब इस एक बात पर सहमत हैं कि 6 सालों के भीतर चीनी सेना ताइवान पर निश्चित रूप से आक्रमण कर देगी, लेकिन मुझे पता है कि चीन अंततः हार जायेगा। ऐसे समय में दुनियाभर के देश ताइवान को सहयोग सिर्फ इसलिए दे रहे होंगे, क्योंकि चीन की सर्वोच्चता में उन सभी देशों का अपना पतन प्रारंभ हो जाएगा, विशेषकर भविष्य की तकनीक पर। और इस कोरोनावायरस ने तो उन तकनीकों को वैसे भी कई गुना फास्ट फॉरवर्ड कर दिया है, क्योंकि अब आम जनता कार, एसी, स्मार्टफोन्स, हथियार, डिवाइसेस इत्यादि का पहले से ज़्यादा व्यक्तिगत इस्तेमाल करेंगे, जिसका बैकबोन सेमीकंडक्टर चिप ही होंगे मतलब ताइवान।

# राजनीति में हाशिये पर जाती वसुंधरा राजे



रमेश सर्राफ

राजस्थान भाजपा की राजनीति में इस समय वसुंधरा विरोधी खेमा प्रभावी हो रहा है। इसी खेमे द्वारा पिछले दिनों वसुंधरा के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवारी की भी भाजपा में घर वापसी करवा कर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया है। वसुंधरा किसी भी कीमत पर घनश्याम तिवारी को फिर से भाजपा में शामिल करने के सख्त खिलाफ थी। ऐसे ही वसुंधरा विरोधी पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के पुत्र मानवेन्द्र सिंह की भी फिर से भाजपा में वापसी की अटकलें लगाई जाने लगी है। वसुंधरा राजे के राजनीति में कमजोर होने से उनके समर्थक विधायकों को भी एहसास हो गया है कि अगले विधानसभा चुनाव में उनको शायद ही टिकट मिले।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे धीरे-धीरे राजनीति के हाशिये पर धकेली जा रही है। कभी वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में तूती बोलती थी। मगर अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। वसुंधरा राजे के लिए राजनीति में उपस्थिति बनाए रखना भी मुश्किल हो रहा है। इसीलिए वह अपने समर्थकों से कभी वसुंधरा राजे समर्थक मंच का गठन करवाती है तो कभी किसान मोर्चा के नाम पर प्रदेश स्तरीय संगठन खड़ा करने का प्रयास कर रही है। मगर ऐसे व्यक्तिवादी संगठन वसुंधरा राजे को राजनीति की मुख्यधारा में बनाए रखने के लिए काफी नहीं है। हालांकि वसुंधरा राजे भी इस बात से बखूबी वाकिफहै। लेकिन मरता क्या नहीं करता वाली कहावत इन दिनों उन पर भी लागू हो रही है। इसीलिए अपनी उपस्थिति बनाये रखने के लिये वह हर दाव आजमा रही हैं।

मौजूदा स्थिति के लिए वसुंधरा राजे स्वयं भी कम जिम्मेदार नहीं है। राजस्थान की राजनीति में लगातार बीस वर्षों तक एकछत्र राज करने वाली वसुंधरा राजे ने प्रदेश की राजनीति में अपने विरोधियों का चुन-चुन कर सफाया किया था। यहां तक की उन्हे राजस्थान की राजनीति में लाने वाले देश के पूर्व उपराष्ट्रपति व राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत को भी उन्होंने मुख्यधारा से दूर कर दिया था। एक समय तो ऐसी स्थिति हो गई थी वसुंधरा राजे के चलते भैरोंसिंह शेखावत भाजपा के खिलाफ बगावत करने तक को तैयार हो गए थे। मगर फिर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए थे।

प्रदेश की राजनीति में दिग्गज नेता रहे भैरोंसिंह शेखावत, जसवंत सिंह, ललित किशोर चतुर्वेदी, हरिशंकर भाभड़ा, ओमप्रकाश माथुर, गुलाबचंद कटारिया, घनश्याम तिवारी जैसे वरिष्ठ नेताओं को हासिये पर डालकर वसुंधरा राजे खुद को प्रदेश की राजनीति का सिरमौर नेता बना लिया था। मगर समय का फेर देखिए जो वसुंधरा राजे ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ किया आज वही उन्हे स्वयं झेलना पड़ रहा है।



प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री, कई बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व केंद्र सरकार में मंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे 2003 व 2013 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थी। अपने दोनों ही कार्यकाल के बाद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को नेता प्रोजेक्ट कर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। मगर जनता में उनके भारी विरोध के चलते भाजपा 163 सीटों से 72 सीटों पर ही सिमट कर रह गई थी। 2018 के चुनाव प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते थे। तब प्रदेश की जनता मोदी की सभा में वसुंधरा के खिलाफ नारे लगा कर कहती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं। 2013 से 2018 तक के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में वसुंधरा राजे चाटुकारों से घिरी रही। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से भी टकराने से गुरेज नहीं किया। 2018 के विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा आलाकमान राजस्थान में केन्द्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहता था। मगर वसुंधरा राजे ने वीटो कर गजेंद्रसिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनने से रोक दिया था। तब राज्यसभा सदस्य मदन लाल सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाना पड़ा था। गजेंद्रसिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना पाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह वसुंधरा राजे से खार खाए बैठे थे। 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मोदी व शाह ने वसुंधरा राजे को राजनीति के हाशिए पर धकेलना शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर राजस्थान की राजनीति से अलग किया गया। भाजपा अध्यक्ष मदनलाल सैनी के निधन से उनके स्थान पर संघ के करीबी सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। पूनिया की ताजपोशी में अमित शाह ने महती भूमिका निभाई थी।

बैरियोन्यूवो ने 18वें मिनट में एक पेनाल्टी को गोल करके बराबर किया। भारत को बाद में तीन पेनाल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम उन्हें भुनाने में असफल रहा। भारत के डिफेंडरों के लिए ये अच्छा क्वार्टर रहा। अर्जेंटीना ने कई बार अच्छे सर्कल में प्रवेश किया मगर भारतीय डिफेंडरों ने इसको विफल किया है। भारत को अब दूसरे हाफमें विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए बढ़त लेने की जरूरत है।

तीसरे क्वार्टर में 2-1 की बढ़त

मारिया बैरियोन्यूवो ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाने के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट किया। इसी गोल के साथ उन्होंने बढ़त भी बनाई। तीसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना की टीम काफी आक्रामक नजर आ रही है। अर्जेंटीना ने अपना गेम प्लान चेंज किया है। पहले वो गेम को स्लो-स्लो आगे ले जा रही थी मगर दूसरे क्वार्टर के बाद काफी तेज खिलाड़ी भारतीय घेरे के नजदीक आ रहे थे। उन्होंने गोल करने के कई मौके भी बनाए मगर भारतीय डिफेंडरों ने अच्छा डिफेंड दिखाया।

**नीरज चोपड़ा पुरुष ...**

फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उल्लेखनीय है कि फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए योग्यता चिन्ह 83.50 रखा गया।

**चंदूलाल मेडिकल कॉलेज...**

रही है. जिसके बाद देश और प्रदेश की सियासत में भूचाल आ गया था। इंडियन एक्सप्रेस अखबार में खबर लगने के बाद देश और प्रदेश के कई भाजपा नेताओं ने इस रिपोर्ट की कटिंग सोशल मीडिया में शेयर की थी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने भी इस अखबार की कटिंग को सोशल मीडिया में शेयर किया था, इसके साथ साथ नागरिक उड्डन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी भूपेश बघेल पर परिवार को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए थे।

**लोकसभा की कार्यवाही...**

स्थगन के उपरांत दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही तीसरी बार जैसे ही शुरू हुई, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और शिरोमणि अकाली दल समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करते हुए अध्यक्ष के आसन तक पहुंच गये। सदस्यों के हाथों में किसानों के मुद्दे, पेगासस जासूसी और महंगाई से जुड़े भिन्न-भिन्न प्रकार के नारे लिखी तख्तियां मौजूद थीं।

पीठसीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने हंगामा के बीच ही महत्वपूर्ण दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। श्री अग्रवाल ने सदस्यों को अपनी सीट पर जाने का भी आग्रह किया, लेकिन वे नहीं माने और जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे। अंततः सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल को भी बाधित किया था और सदन की कार्यवाही उस दौरान दो बार स्थगित करनी पड़ी। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने एक बार के स्थगन के बाद 1130 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया था तो विपक्ष के सदस्य बैनर तथा तख्तियां लेकर सदन के बीचोबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। श्री अग्रवाल ने उन्हें ऐसा नहीं करने की सलाह दी और सदन चलाने का प्रयास किया लेकिन सदस्यों का हंगामा लगातार जारी रहा। उसके बाद उन्हें कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी थी।

**बढ़ते कोरोना केस के ...**

रोजाना 100 केस आ रहे हैं। देश के 18 जिलों में कोरोना के केस ज्यादा आ रहे हैं, इनमें केरल के 10, महाराष्ट्र के 3, मणिपुर के 2, अरुणाचल, मेघालय और मिजोरम के 1-1 जिले शामिल हैं। साथ ही बताया कि देश में 44 जिले ऐसे हैं जहां 10% से ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। ये 44 जिले केरल, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, सिक्किम, पुद्दुचेरी, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, असम और आंध्र प्रदेश के हैं।

**1023 फास्ट ट्रैक कोर्ट ...**

योजना में कुल 1,586 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसे 31 मार्च 2023 तक जारी रखा जाएगा। अगले दो वर्षों में तेज गति से फास्ट ट्रैक कोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बुधवार की अहम बैठक में केंद्रीय कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा है कि नाबालिग बच्चियों से होने वाले यौन अपराधों में जल्द न्याय दिलाने के लिए इन फास्ट ट्रैक कोर्ट्स में से, 389 पॉक्सो कोर्ट हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग कांकेर मण्डल कांकेर**
**अल्पकालीन-ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 16.08.2021 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 01 | 80804 | केशकाल में व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण कार्य। (जल प्रदाय सेनेटरी फिटिंग सहित।) | 55.74 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
निविदा का क्रम- प्रथम आमंत्रण
डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 16.08.2021 समय 17:30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 20.08.2021 समय 10.00 बजे से

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-62581/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

नि.क्र.09 /ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2021, कांकेर दिनांक 02.08.2021

-:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से उत्तर बस्तर कांकेर जिले के निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम पंजीकृत निर्माताओं/ विक्रेताओं से निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | सामाग्री का नाम | अनुमानित लागत रु. लाख में |
|---|---|---|
| 01 | हैण्डपंप सुधार हेतु सामग्री क्रय कार्य | 5.84 |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.08.2021 है। साथ ही निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

जी-62595/3

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING)
(CIN - U40108CT2003SGC015820) OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL)

No./04-01/Trans./Works/879 Raipur, dtd: 02.08.2021

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP) from eligible contractors/firms registered in CSPTCL, on Item Rate and on percentage rate above/below/at par of CG PWD SOR for Building Works, Road Works, Bridge Works (w.e.f. 01.01.2015) and Electrical & Mechanical work (01.07.2015) and base rate for Non-SOR items. The unregistered contractors/firms having similar work experience in Central/State Government/Autonomous Bodies/Public Undertaking shall also be considered on submission of experience certificate.

**1.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/26; **Rfx No.**- 8100022648:- Construction of 01 No. 132KV feeder bay along with shifting of 132KV PT at 132 KV S/s. Patthalgaon under S/s. Dn. CSPTCL, Raigarh for 2nd circuiting of 132KV Patthalgaon-Jashpur line. **NIT Value :-** Rs. 8.70 Lakhs **& EMD:-** Rs. 9000/-, Completion Period :- 03 Months. **2.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/27; **Rfx No.**- 8100022649:- Providing and fixing of concertina coil over existing boundary wall at 400/220 KV S/s. Kurud, Dhamtari.. **NIT Value :-** Rs. 8.53 Lakhs **& EMD:-** Rs. 8530/-. Completion Period :- 02 Months. **3.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/28; **Rfx No.**- 8100022651:- Hiring of 01 No. Car category-I vehicle with one driver for 02 years for Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur **NIT Value :-** Rs. 9.73 Lakhs **& EMD:-** Rs. 9800/-, Completion Period :- 24 Months. **4.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/29; **Rfx No.**- 8100022652:- Hiring of 01 No. Jeep category vehicle with one driver for 02 years for the O/o Executive Engineer (Civil), Civil Dn. CSPTCL Raigarh **NIT Value :-** Rs. 11.60 Lakhs **& EMD:-** Rs. 11600/-. Completion Period :- 24 Months. **5.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/30; **Rfx No.**- 8100022653:- Hiring of Jeep category vehicle with one driver for 02 years for the office of Superintending Engineer (Civil) Circle, CSPTCL Bilaspur. **NIT Value :-** Rs 11.60 Lakhs **& EMD:-** Rs.11600/-. Completion Period :- 24 Months. **6.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/31; **Rfx No.**- 8100022654:- Hiring of 01 No. Jeep category vehicle with one driver for 02 years for Executive Engineer (Civil)Civil Dn. CSPTCL Bhilai **NIT Value :-** Rs. 11.60 Lakhs **& EMD:-** Rs. 11600/-. Completion Period :- 24 Months. **7.Tender Spn. No.**-04-01/C-TRANS/W/21-22/32; **Rfx No.**- 8100022655:- Hiring of 01 No. Jeep category vehicle with one driver for 02 years for Assistant Engineer (Civil)-I, O/o the Executive Engineer (Civil) Civil Dn. CSPTCL Bhilai. **NIT Value :-** Rs. 10.43 Lakhs **& EMD:-** Rs. 10,500/-. Completion Period :- 24 Months.

Cost per tender document to be submined online for tender at **Sl. No. 01 to 07** is **Rs. 590/-** per tender document (i/c GST). Last date & time for submission and opening of bids for Sl. No.- 1 & 2 dt. **25.08.2021** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.), Sl. No.- 3 & 4, dt. **26.08.2021** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.), Sl. No.- 5 & 6 dt. **27.08.2021** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.), Sl. No.- 7, dt. **28.08.2021** (up to 16:00 Hrs. & 16:15 Hrs.) respectively. The tender document can be viewed and download online from our e-tendering portal.

S.-29487/1
(R.K. Shrivastava)
Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur
//Save Electricity//

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### चिटफंड कम्पनी से धन वापसी हेतु आवेदन लेने के लिए अधिकारी नामांकित

**कवर्धा/नवप्रदेश।** चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों से छत्तीसगढ़ राज्य के निक्षेपकों से आगामी 06 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी प्रपत्र में धन वापसी के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए तहसील स्तर पर तहसीलदार को अधिकृत कर निवेशकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने के लिए उन्हें अधिकारी नामांकित किया है। कवर्धा तहसील के तहसीलदार कवर्धा, पंडरिया तहसील के लिए तहसीलदार पंडरिया, बोड़ला तहसील के लिए तहसीलदार बोड़ला, सहसपुर लोहारा तहसील के लिए तहसीलदार सहसपुर लोहारा और तहसील रेंगाखार के लिए तहसीलदार रेंगाखार को अधिकृत कर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में किए जाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम-2005 के अधीन चिटफंड कम्पनियों से निवेश करने वाले निवेशकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 06 अगस्त तक लिया जाना है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार तहसीलदार, पटवारी, कोटवार के जरिए करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्धारित प्रपत्र को प्रत्येक शहर/ग्राम में सरल एवं सुविधाजनक स्थानों पर चस्पा कर प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### छ.ग. शिक्षक संघ ने नए बी.ई.ओ. का किया स्वागत

**भाटापारा/नवप्रदेश।** विकासखंड के नए बीईओ कृष्ण कुमार यदु का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने गुलाल गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर अजय तिवारी प्रांतीय पदाधिकारी, प्रकाश तिवारी जिला अध्यक्ष, टीकाराम साहू जिला उपाध्यक्ष, सुरेश यदु तहसील अध्यक्ष, जयलाल कश्यप विकासखंड अध्यक्ष, अखिलेश गिरी गोस्वामी, राजेश शर्मा, गोपेश साहू, संतोषदास मानिकपुरी, मुकेश देवांगन, लेखराम साहू, अंजोरदास मनहर, रविन्द्र पाठक सहित अन्य उपस्थित थे। कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे के अनुशंसा से स्वीकृति से स्काई मशीन क्रय का अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने किया शुभारंभ। साजा नगर पंचायत साजा में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के अनुशंसा से स्वीकृति स्काई मशीन क्रय का शुभारंभ अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधी मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष युगेश्वर सोनी, पार्षद अवधेश गोयल, लोकेश्वरी साहू, बिसरू राम साहू, राजेश ठाकुर, दुर्गा गोयल, पुष्पा सिन्हा, हंसा शर्मा, संतोष यादव, नरेंद्र यादव एवं एल्डरमैन रोहित वर्मा, टुकेश देशमुख, विप्लव गौरहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरएल सुधाकर, लोकेश शर्मा उपअभियंता, भारत भूषण ठाकुर, ठुब्लू राम सिन्हा, चंद्र प्रकाश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्तिथ रहे।

### केंद्र की किसान व छग सरकार के साथ अन्याय, विरोध में धरना 6 को : कांग्रेस

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा छग के साथ भेदभाव नीति व किसानी के समय छग को पर्याप्त खाद ना भेज कर अन्नदाता किसानों व धान के कटोरा राज्य छग के साथ अन्याय किया है। जिसके विरोध में 6 अगस्त 2021 शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाकर तत्काल पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने हेतु केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिला प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि धरना प्रदर्शन को व्यापक व जन-जन तक सहित केंद्र सरकार की छल नीति को किसानों के बीच मजबूती से रखने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अपने ब्लॉक अंतर्गत निवासरत वरिष्ठ कांग्रेसजनों, प्रदेश व जिला पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी प्रकोष्ठ, विभाग के प्रमुख पदाधिकारी, त्रि-स्तरीय पंचायती राज (जिला, जनपद पंचायत) व नगरीय निकाय के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की मास्क लगा कर उपस्थिति में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार की भेदभाव नीति के चलते छग राज्य में खाद संकट को जनता के बीच रख कर केंद्र सरकार को पर्याप्त मात्रा में खाद छग सरकार को उपलब्ध कराने मांग रूपी ज्ञापन सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से सौपें।

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत युवाओ ने किया पौधा रोपण

**कवर्धा/नवप्रदेश।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में चारो ब्लॉक मे स्वच्छता पखवाडा 1 से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत युवा मंडल और युवती मंडल के सदस्यों ने आज अपने गांव में सार्वजनिक जगह की साफ-सफाई कर, वृक्षारोपण कर स्वच्छ गांव हरित गांव कर संदेश लोगो को दिया। जिसमे चारो ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक लैनदास मोहले, कुलेश्वर निर्मलकर, चोकसिह राजपुत, सतीष पटेल, किर्ती चंद्रवंशी, योगेश देवांगन, मोहन साहू, पुनीराम यादव एवं युवा मंडल के सदस्य सभी उपस्थित थे।

### आदिवासियों की संस्कृति को बचाने आवाज उठा रहे सांसद मंडावी : देवलाल

**बालोद/नवप्रदेश।** कुसुमकसा के सभा स्थल में जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने कहा की आज हम सब सौभाग्य वाले हैं। की हम लोगो को ऐसे जागरूक व सक्रिय सांसद मिला है। जो जागरूक है। जिन्होने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक बनकर सेवा की ऐसे आदिवासी नेतृत्व से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत है। जो आज आदिवासी संस्कृति बचाने के लिए देश के सर्वोच्च सदन संसद भवन में आदिवासियों की आवाज बंन कर हमारी बातों को रख रहे है। आदिवासी संस्कृति को बचाए रखने के लिए धर्मांतरण को रोकने के लिए ,आदिवासी संस्कृति बचाने के लिए अपना धर्म परिवर्तित ना करें। हमारे सांसद जी आदिवासी समाज को धर्म के मार्ग पर ले जाने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे हैं। हम सबको उनके साथ धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए ओर अपने जीवन मे बदलाव लाना चाहिए आज आदिवासी क्षेत्र दारु भट्टी के नाम से जाना जा रहा है। हम ऐसा काम करें कि यहां के लोगों के कार्यो के नाम से सेवा के नाम से पढ़े लिखे आदिवासी समाज के नाम से जाना जाए सांसद जी का कहना है कि शराब कभी भी आदिवासियों की संस्कृति नहीं रही है।

### राज्य खेल पुरस्कार : आवेदन करने की तिथि बढ़ी 10 अगस्त तक

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अंलकरण सें सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। इसके लिए विभाग द्वारा 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसे बढ़ा कर अब 10 अगस्त कर दिया गया है। आवेदन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय या संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय अवधि में जमा किए जा सकते हैं। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षो के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## स्तनपान सप्ताह

# शिशु के लिए अमृत के समान है मां का दूध : रेणु प्रकाश

■ **स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए अस्थाई ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जनस्वास्थ्य के प्रति सरकारी अस्पतालों की सक्रियता कोराना संक्रमण काल में भी देखने को मिल रही है। बच्चों की तंदरुस्ती के लिए कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक नियमों का पालन करते हुए जिलेभर में स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है।

इस दौरान धात्री माहिलाओं को स्तनपान कराने से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ की व्यापक जानकारी दी जा रही है। साथ ही उचित पोषण आहार व स्वच्छता के प्रति भी उन्हें जागरुक किया जा रहा है।

स्तनपान के प्रति समाज में जागरुकता लाने तथा इस विषय में विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने के लिए हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के भी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में इस बात पर जोर दिया जा रहा है किए शिशु को स्तनपान जरूर कराना चाहिए, क्योंकि यह जच्चा व बच्चा दोनों के लिए लाभदायक होता है। शिशु के लिए मां का दूध सर्वोत्तम पौष्टिक आहार होता है। मां के दूध से बच्चे को रोगों से लडने की शक्ति मिलती है। इसीलिए 6 महीने तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराना चाहिए। इसके बाद स्तनपान कराने के साथ.साथ ऊपरी पौष्टिक पूरक आहार भी देना चाहिए।



इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने बताया, स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में अस्थाई ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर बनाए गए हैं। ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर्स में शिशुवती माताओं को स्तनपान के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा शिविर के माध्यम से भी शिशुवती माताओं को स्तनपान के विषय में जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं को स्तनपान कराने का तरीका सिखा रहीं हैं। उन्होंने बताया, स्तनपान शिशु के लिए प्रकृति का वरदान है और मां का दूध अमृत के समान है। खासकर कोरोना संक्रमण के दौर में माताएं अपने शिशु को स्तनपान जरूर कराएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी बताते हैं, शिशुवती माता को दूध, दलिया, पोषणयुक्त भोजन लेने के साथ-साथ खूब पानी पीना चाहिए। प्रसव के तुरंत बाद एक घंटे के भीतर शिशु को मां के स्तनपान से मिलने वाला गाढ़ा दूध काफी महत्वपूर्ण होता है।

### ...इसलिए महत्पूर्ण है स्तनपान सप्ताह

राजनांदगांव के एनएफएचएस-4 (2015-16) के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो यह पता चलता है कि, लगभग 67 प्रतिशत शिशुओं को ही जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराया गया है। वहीं 6 माह तक केवल स्तनपान की बात करें तो यह आंकड़ा लगभग 85 प्रतिशत है। एनएफएचएस-4 के आंकड़े कहते हैं, जिले में जागरुकता, कुपोषण, भ्रांतियों एवं अन्य कारणों से 15 प्रतिशत शिशुओं को 6 माह की उम्र तक केवल स्तनपान नहीं कराया जा रहा है। इसी तरह की कमियों को दूर करने के लिए हर वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान महिलाओं को स्तनपान कराने हेतु जागरुक करने का प्रयास किया जाता है।

# 24 घंटे के अंदर सुलझा हत्या का मामला

**पत्नी ने की पति की हत्या**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोगरगढ़-मानपुर जय प्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईसीयूएडब्ल्यू श्रीमती सुरेशा चौबे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अं. चौकी श्री घनश्याम कामड़े के मार्गदर्शन में थाना मोहला के अपराध क्रमांक 77/21 धारा 302 भादंवि के प्रार्थी छगन लाल बढ़ई पिता स्व. भानुप्रताप बढ़ाई उम्र 45 साल साकिन घावडेटोला थाना मोहला जिला राजनांदगांव, रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 अगस्त के 16 बजे मृतक सहदेव भुआर्य पिता मेहत्तर उम्र 52 साल निवासी बांघपारा घावडेटोला गांव के उलटा नाला पर पड़ा हुआ है। सहदेव भुआर्य शव के ऊपर घर का सामान जिसमें सब्जी, टमाटर, कपड़ा तथा अपने दैनिक सामान के साथ पड़ा है।

मृतक के बाये सिर में चोट के निशान लगा हुआ है। शव पंचनामा कर संदेही के आधार पर मृतक की पत्नी अमरीका बाई भुआर्य से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने समय बताई कि मृतक जिसका पति है, वह हमेशा शराब पीकर घर आकर मारपीट करता था। जिससे आरोपिया



काफी परेशान होकर 31 जुलाई 2021 को रात्रि करीबन 9.10 बजे मृतक घर के परछी में खाट पर सोया हुआ था।

इसी समय आरोपिया द्वारा अपने पति के बाये तरफसिर में लकड़ी के पटनी से मृतक के बाये सिर में चार-पांच बार मारी, जिससे मृतक के सिर से खून निकलने लगा। थोड़ी देर बाद मृतक को हिलाई-डुलाई मृतक कुछ हलचल नहीं किया, तब मरा हुआ समझकर अकेले मृतक के दोनों पैरों को रस्सी से बांधकर रात्रि करीबन 11-12 बजे घर से घसिटते हुए निकालकर गांव के उलटा नाला बाघपारा घावड़ेटोला पुल के नीचे फेंक दी।

शव के साथ घरेलू सामान को भी वही पर फेंक दी और मृतक शरीर को कंबल से ढक् दी। आरोपिया के मेमोरण्डम के कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक नग लकड़ी का पटनी जिसकी लंबाई लगभग 3 फीट, लकड़ी की पटनी को जप्त किया गया है। मृतक की मृत्यु की गुथी को सुलझाने में तथा आरोपिया अमरीका पति सहदेव भुआर्य उम्र 50 साल निवासी बांघपारा घावडेटोला थाना मोहला जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा, उनि रविशंकर डहरिया, सउनि जगमोहन कुंजाम, सउनि शंकर बर्वे, प्रधान आरक्षक ऋषभ ठाकुर, प्रधान आरक्षक तमेश्वर ठाकुर, आरक्षक गिरीश कोमा, डामेश्वर ठाकुर, नंद कुमार यादव, महिला आरक्षक रोशनी भुआर्य, सुनीता ठाकुर, महिला सहायक आरक्षक ममता जायसवाल एवं थाना मोहला समस्त स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

## आयुष, वैभवी और शुभ अरोरा को मिले सर्वाधिक अंक

**भाटापारा/नवप्रदेश।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा 3 अगस्त 2021 को कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित किया गया जिसमें खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी आयुष शर्मा ने (96,8%) वैभवी वंदे (91.2%)शुभ अरोरा (90.8%) अंक हासिल करके अपने विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इसी क्रम में हर्ष धर्मानी ने (90.8%) कनक मंधान (90.6%)



प्रज्ञा साहू (90.6%) पलक किंगरानी (90.4%) अनुभी शर्मा (90.4%) प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत हर्षित है। प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश सहित सभी शिक्षकों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के विद्यालयों को बंद कर दिया गया था। साथ ही सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा भी रद्द कर दी गई थी। जिसके बाद नई मूल्यांकन नीति के जरिए अंतिम परिणाम तैयार किए गए। मूल्यांकन नीति के तहत विद्यार्थियों के पूरे साल भर के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक विषय के 100 अंकों का विभाजन इस प्रकार किया गया था। सामयिक (पीरिओडिक) परीक्षा (20,अंक) का भार 10%, अर्धवार्षिक परीक्षा (80,अंक) का भार 30%, प्री-बोर्ड परीक्षा (80,अंक) का भार 40% तथा 20% अंक भार आंतरिक मूल्यांकन, जैसे- विद्यार्थियों के पोर्ट फोलियो, पेन एण्ड पेपर टेस्ट, प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट वर्क से लिया गया था।

## विधायक ने किया आरडेन्सी स्पोर्ट्स जिम का शुभारंभ



**भाटापारा/नवप्रदेश।** बच्चो के खेल संबधित सर्वांगीड़ विकास के लिए नगर के नाका न 1 यज्ञ स्थल में स्थित निः शुल्क आरडेन्सी स्पोर्ट्स क्लब का संचालन भारतीय जुडो महासंघ के प्रशिक्षित ब्लैक बेल्ट कोचों तथा एथलेटिक्स के स्टेट टेक्निकल अफिसिलयल परिचय मिश्रा, विवेक ठाकुर दीपक कन्नौजे के द्वारा किया जा रहा है जिसमे लगभग 144 खिलाड़ियों को जुडो सहित कुश्ती,कुराश, काजक कुराश, एथलेटिक्स, मलखम्ब अन्य खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा।

क्लब के सेवा भाव से प्रभावित होकर क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा जिम सामग्री प्रदान किया गया जिसका आज मंगलवार को फीता काटकर शुभारंभ किया गया तथा उनके द्वारा जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने आश्वस्त किया। तकनीकी संचालक परिचय मिश्रा ने बताया आरडेन्सी स्पोर्ट्स द्वारा आने वाले 13 अगस्त नागपंचमी के अवसर पर भाटापारा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आरडेन्सी दंगल का आयोजन कराया जा रहा है जिसमे भाटापारा के कोई भी खिलाड़ी प्रतिभागी बन सकते है।

उक्त अवसर पर क्लब के संरक्षक संतोष पांडेय, अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, कोमल शर्मा, सतीश सोनी, सचिव विवेक ठाकुर, तकनीकी संचालक परिचय मिश्रा सहसचिव दीपक कन्नौजे, कोषाध्यक्ष श्रेणिक गोलछा सदस्य मन्नू बाठिया, पुष्पा राठौर व डॉ मेघराज साहू एवम् क्लब के खिलाड़ी भूपेंद्र साहू, कुलवंत मांडे, राजीव मिर्झा, कृष्णकांत कुर्रे, साहिल कुर्रे, कुणाल वर्मा, हिमांशु वर्मा, तेजस्वनी राठौर, स्वाति बंसोड़, लक्की पंजवानी,आलोक देवांगन, महेंद्र भारद्वाज, शुभम चतुर्वेदी, युवराज कोसले आदि खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## बिजली की दरों में वृद्धि कर राज्य सरकार ने जनता के साथ धोखा किया : योगेश तिवारी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले में अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग परेशान हैं। अब बिजली की दर महंगी होने से उपभोक्ताओं को दोहरी मार पड़ेगी। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश में सस्ती बिजली उपलब्ध कराने का दंभ भरने वाली कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही हैं। सरप्लस बिजली होने के बावजूद लगातार बिजली कटौती की जा रही हैं। इससे सरकार की नीति और नियत दोनों उजागर हो रही हैं। अब नए टैरिफमें हर वर्ग को महंगी बिजली का झटका लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा कीमत घरेलू वर्ग की बढ़ी है। जहां सौ और दो सौ यूनिट तक में 20 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा किया गया हैं। वहीं 201 से 400 यूनिट तक 30 पैसे यूनिट कीमत बढ़ाई गई है। सबसे ज्यादा कीमत में इजाफा 401 से 600 यूनिट में 70 पैसे बढ़ी है। 601 यूनिट से ज्यादा की खपत पर 50 पैसे प्रति यूनिट कीमत बढ़ी है।

गैर घरेलू वर्ग में 15 से 30 पैसे, कृषि पंपों में 50 पैसे, कृषि संबंधी कार्यों के अलग-अलग वर्ग में 10 से 50 पैसे का इजाफा किया गया है। लघु उद्योगों में आटा चक्की और अन्य उद्योगों में 25 से 50 पैसे प्रति यूनिट कीमत बढ़ाई गई है। एलटी के बाद एचटी वर्ग में रेलवे की बिजली के टैरिफमें 20 पैसों का इजाफा किया गया है। माइंस वालों का टैरिफ 11 केवीए से 220 केवीए तक 60 पैसा, अन्य उद्योगों में 39 से 44 पैसा, स्टील उद्योग में 25 से 60 पैसा प्रति यूनिट का इजाफा किया गया है। स्टील उद्योग में लोड फेक्टर की वर्तमान सुविधा को 63 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया हैं। राज्य सरकार की विफलता का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा - राज्य सरकार की विफलता का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। राज्य सरकार के द्वारा हजारों करोड़ रुपए कर्ज लिया जा रहा है, नतीजतन प्रदेश की जनता पर कर्ज बढ़ता जा रहा हैं।

## आपदा को अवसर बनाई केंद्र सरकार ने : केतुमान साहू

**भाटापारा/नवप्रदेश।** कोरोना का दूसरा संक्रामक रूप ने देश को जहां हिला के रख दिया वही केंद्र की मोदी सरकार इस विपदा की घड़ी में आम लोगों के जेबों को खाली करने में कोई कसर नही छोड़ी। बढ़ती महंगाई ने प्रत्येक वर्ग की कमर तोड़ दी है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस के नवनियुक्त प्रवक्ता केतुमान साहू ने लगाया।



जिला कांग्रेस के प्रवक्ता केतुमान साहू ने कहा की केंद्र सरकार ने कोरोना जैसे अवसर को भी भुनाने में कोई कसर नही छोड़ा। एक तरफलोग अपने लोगों के जीवन को बचाने अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे। वहीं इस विपदा की घड़ी में खाद्य पदार्थो की कीमतों को आसमान पर पहुँचा दिया। पेट्रोल डीजल के भाव जहां लगातार बढ़ते जा रहे है तो वही खानें का तेल दाल की कीमतों ने भी लोगो की कमर तोड़ दी है, बढ़ती हुई कीमतों से ऐसा लगने लगा है की महंगाई से केंद्र सरकार ने अपना पल्ला झाड़ लिया है।

श्री साहू ने कहा की इन सब वस्तुओ की बढ़ती कीमतों का देख समझने के बाद महंगाई को कम कर लोगों को राहत देने के बजाए आम जनता को जीरो के माध्यम से लूटने लगी है। भारत की लाइफ लाइन माने जाने वाली रेल के यात्रियो को भी महंगे और कस्ट दायक सफर करने मजबूर होना पड़ रहा है। अंचल की गरीब जनता जिस 15 रूपये की रेल टिकट पर लोकल ट्रैन में बैठकर रायपुर बिलासपुर पहुँच जा रही थी उन लोकल ट्रेन पर एक्सप्रेस का 30 रूपये 40 रूपये का भाड़ा लिया जा रहा है और तकलीफ में कोई कमी नही। यही नही पुरानी नियमित ट्रेनों को जीरो नम्बर से चालू के उन्हें स्पेशल का नाम देकर उनके यात्रियो से 3 से 4 गुना ज्यादा किराया लिया जा रहा है, एक तरफ लोग महंगाई, कोरोना से उबर नही पा रहे है वही इस आपदा की घड़ी को अवसर बनाकर केंद्र सरकार लोगो की जेबो को पूरी तरह खाली करने में लगी है।

केतुमान साहू ने कहा की प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा मात्र ढाई साल में आम गरीब किसान लोगो के हितो के लिए कार्य कर अपने जन घोषणा पत्र की 36 घोषणाओं में से 24 को इतने कम समय में पूरा कर दिए तो भाजपा से जुड़े लोग बौखला गए है, उन्हे कुछ समझ नही आ रहा है की ये सब इतने जल्दी कैसे हो गया।प्रदेश का विकास देख कर भाजपा वाले ढाई साल का हिसाब मांग रहे है जबकि उनको केंद्र सरकार के 7 साल का हिसाब देना चाहिए की जब केंद्र में मोदी सरकार आई तब डीजल, पेट्रोल, खादय पदार्थ, दाल, सोना आदि का क्या भाव था और आज सात साल में क्या भाव है, ये देश की जनता पुछ रही है।

## समावेशीकरण

**दिव्यांगों के लिए योजना, जारी की गई शर्तें**

# समाज कल्याण विभाग बांटेगी पेट्रोल चालित टू व्हीलर स्कूटर और स्कूटी

**बालोद/नवप्रदेश।** शासन द्वारा समाज कल्याण विभाग के जरिए खासतौर से दिव्यांगों को टू व्हीलर स्कूटर और स्कूटी पेट्रोल चलित वितरित की जाएगी। इसका मेंटेनेंस भी लगभग 5 साल तक शासन के संबंधित एजेंसी के माध्यम से भी होगा। ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने का प्रयास होगा।

इसके लिए समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक के द्वारा सभी ब्लॉक के जनपद अधिकारियों व नगर पंचायत, नगर पालिका के अधिकारियों के अलावा स्कूलों से संबंधित अफसरों जैसे आईटीआई के प्राचार्य, कॉलेज के प्राचार्य व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार हो और जरूरतमंद को लाभ मिले। विभाग का मानना है कि इस योजना के अंतर्गत दिव्यांग लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि और आर्थिक समृद्धि में प्रगति आएगी और समावेशी समाज की परिकल्पना का सृजन होगा। यह योजना राज्य के दिव्यांगों के सशक्तिकरण समावेशी करण के साथ-साथ सामाजिक न्याय में मील का पत्थर साबित होगा। अलग-अलग वर्ग के दिव्यांगों के लिए इस योजना का लाभ लेने के लिए अलग-अलग शर्तें भी विभाग द्वारा जारी की गई है।



इस योजनान्तर्गत राज्य के दिव्यांगजनों को पेट्रोल व टू व्हीलर स्कूटर/ स्कूटी (दो अतिरिक्त पहियों के साथ) वितरित किया जायेगा। सर्वप्रथम पेट्रोल चलित टू व्हीलर स्कूटर स्कूटी (दो अतिरिक्त पहियों के साथ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजनों द्वारा उप संचालक समाज कल्याण विभाग को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। विद्यालय / महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुशंसा सहित सूची संबंधित उपसंचालक जिला कार्यालय समाज कल्याण को उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजनान्तर्गत प्रदाय किये गये पेट्रोल चलित टू कीलर स्कूटर/स्कूटी (दो अतिरिक्त पहियों के साथ का 15 वर्ष तक पुनः लाभ नहीं दिया जायेगा। जिले के ऐसे दिव्यांगजन जो चलन दिव्यांगता जैसे रीढ़ की हड्डी में चोट, पोलियो से ग्रसित (विशेष रूप से निचले अंग से प्रभावित व्यक्ति) है तथा उक्त के अतिरिक्त विधिक अभिभावक के संबंध में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 में परिभाषित दिव्यांगजनों को प्राथमिकता एवं पात्रता की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास पूर्व में परंपरागत ट्रायसायकल अथवा बैटरी चलित ट्रायसायकल हो एवं वे तत्काल इस योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं है। उन्हें इस योजना के लाभ लेने हेतु कम से कम 03 वर्ष का समयान्तराल आवश्यक होगी।

**अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु-विशेष प्राथमिकता यह तय किया गया:** अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी)। अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष से अधिक न हो। (आयु के संबंध में अभ्यर्थी कक्षा 10वी की अंक सूची अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र) अभ्यर्थी द्वारा वाहन चलाने हेतु परिवहन विभाग के अद्यतन दिशा-निर्देश अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। पेट्रोल चलित टू व्हीत हेतु माता-पिता अथवा अभिभावकों की मासिक आय राशि 20000रुपये तक का हो। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र जारी करना होगा जो आवेदन की तिथि से 06 माह से अधिक पुराना न हो)। 60 प्रतिशत या उससे अधिक का प्रमाणित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यू.डी.आई.डी. कार्य की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नियमित-छात्राओं को विद्यालय/ महाविद्यालय / विश्वविद्यालय प्रमुख से प्रमाणित प्रति अनिवार्य होगी।

# सरकारी खजाने से जमकर हुई बंदरबांट, पूर्व मंत्री ननकीराम ने की जांच की मांग

■ जिला पंचायत में कोई सुगबुगाहट नहीं, निकल गए 15 दिन

*नवप्रदेश संवाददाता*

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृहमंत्री व रामपुर विधायक भाजपा के कद्दावर वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने जिला पंचायत कोरबा कुन्दन कुमार को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत रजगामार मे निर्माण के नाम से बिना निर्माण किए तत्कालीन सचिव के द्वारा बिना सरपंच के सहमती से डीएससी के माध्यम से करोडो रुपए का बंदर बांट करने की शिकायत किए थे। जिसके संबंध में ननकीराम



कंवर ने मांग किया था कि जांच दल गठित कर रजगामार पंचायत का दो वर्षों में कीये गये कार्यों का जांच कराया जाए। लेकिन पत्र लिखने के 15 दिन बाद भी जिला पंचायत कोरबा मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार



के द्वारा जांच दल गठित नहीं किया जाना प्रशासन के उदासीन रवैया भ्रष्टाचार के साथ मिली भगत होना लगता है ।तत्कालीन सचिव कौशल सोनवानी का स्थानांतरण आदेश जारी करने के बाद भी जिला पंचायत सीईओ के आदेश का अवमानना करते हुए पदभार नागेंद्र दीवान सचिव को नहीं सौंपा गया है। सूत्रों से पता चला हैं कि अपने बचाव के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी व दुरुस्ती करने का कार्य तेजी से चल रहा है ।

उसके बाद भी सचिव कौशल सोनवानी पर प्रशासन मेहरबान क्यों समझ से परे है ऐसे में ननकीराम कंवर हमेशा से भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखर रहने वाले इमानदार नेता के रुप में गिने जाते हैं । भ्रष्टाचार को सह देने वाले प्रशासन के अधिकारी आए दिन उनके आड़े हाथ आते हैं। इस बार देखना यह है कि इस मामले मे क्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा कुंदन कुमार को ननकीराम कंवर आडे हाथ लेकर उनके विरुद्ध कोई बडी कार्यवाही कराते है या किस अधिकारी कर्मचारी पर गाज गिरेगी सबकी नजर इस बार रजगामार मे हुये करोडो रुपये के आर्थिक घोटालो के जांच पर टीका है ।

# चिटफंड कंपनियों के निवेशकों ने जमापूंजी वापस दिलाने प्रशासन से लगाई गुहार

## आवेदन देने लगी लंबी कतार, कोरोना गाइडलाइन की उड़ी धज्जियां





*नवप्रदेश संवाददाता*

**गरियाबंद।** चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों की बेतहाशा भीड़ तहसील कार्यालय में देखने को मिली। धन वापसी के आवेदन लिए सैकड़ों की संख्या में निवेशक पहुंचे हुए थे, लेकिन इस बीच कोरोना गाइडलाइन की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी रही। जबकि तहसील कार्यालय में निवेश करने वाले निवेशकों की खचाखच भीड़ देखी गई। टोकन सिस्टम् के माध्यम् से निवेशकों से आवेदन लिए जा रहे थे।

गौरतलब है कि गृह विभाग द्धारा जारी निर्धारित प्रपत्र में धन वापसी के लिए निवेशकों से 6 अगस्त् तक आवेदन पत्र प्राप्त् करने के लिए जिले के अनुविभाग स्तर् पर अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। चिटफंड कंपनियों में जिले के हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई को निवेश किया था, जिसमें निवेशक धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। इसी के चलते बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व्) विश्वदीप के कार्यालय में धन वापसी का आवेदन लिए निवेशक लंबी लाइन के कतार में लगे हुए थे।

चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों से 02 से 06 अगस्त तक गृह विभाग द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में धन वापसी करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने जिले के अनुविभाग स्तर पर अधिकारियों को अधिकृत किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार अनुविभाग गरियाबंद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री विश्वदीप, छुरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकिता सोम, राजिम हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जी.डी. वाहिले, मैनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरज साहू तथा अनुविभाग देवभोग हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीका राम देवांगन को अधिकृत किए गए हैं। साथ ही समय-सीमा में कार्य संपादन करने तथा नियत समय में प्राप्त आवेदन पत्रों को भलिभांति परीक्षण पश्चात कंपनीवार सूचीबद्ध कर पूर्ण विवरण सहित 10 अगस्त तक जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

चिटफंड से संबंधित आवेदन लिए जाने की सूचना मिलने के बाद निवेशक निर्धारित प्रपत्र में कंपनियों में लगाए अपने पैसे की वापसी का उम्मीद लिए आवेदन लेकर पहुंचे हुए थे। निवेशकों के भीड़ को देखते हुए नायाब तहसीलदार वसीम सिद्धीकी एवं सिटी कोतवाली प्रभारी वेदवती दरियो मौके पर मौजूद थी। इस दौरान चिटफंड कंपनी में निवेश किए निवेशकों में ग्राम बिंद्रानवागढ़ के दुखुराम सेन, मोना सेन, ग्राम चिखली के निर्मल देवांगन, ग्राम मदनपुर से पुरानिक राम, मीनाबाई निर्मलकर, लेकेश्वर्, दामिनी, कांति, पूर्णिमा, ग्राम धमना से आशाराम ध्रुव, मनीराम वस्त्रकार, रामकली वस्त्रकार, ग्राम पीपरछेड़ी से अश्विनी वर्मा ने बताया कि सनसाइन, पल्सग्रीन, सांई प्रसाद, सुविधा जैसे कंपनियों में हजार रूपए से लेकर लाखों रूपए तक जमा किए थे। ग्राम पीपरछेड़ी निवासी अश्विनी वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यिा भूपेश बघेल से हमारी अपेक्षा है कि कंपनियों में निवेश किए हमारी जमापूंजी ब्याज सहित वापस दिलाए। भूपेश सरकार से हमें पूरा भरोसा है कि मामले पर जल्द् ही निपटारा करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाते हुए राहत पहुंचाएंगे।

### 350 बोरी अवैध यूरिया परिवहन का मामला

# महेश ट्रेडर्स अर्जुंदा व ट्रक मालिक ड्राइवर को नोटिस

*नवप्रदेश संवाददाता*



**गुंडरदेही।** गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर नवीन तहसील अर्जुंदा के महेश ट्रेडर्स के संचालक सुरेश गांधी के द्वारा एक उड़ीसा पासिंग गाड़ी में 350 बोरी यूरिया लोडिंग कर 150 बोरी यूरिया का चालान पर्ची व्हाट्सएप से माध्यम से ड्राइवर तक पहुंचाया !

मामले में राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है वही प्रदेश भाजपा के आगमन पर जिला भाजपा एवं किसान मोर्चा के द्वारा धान खरीदी केंद्र में नगाड़ा बजाओ सरकार जगाओ अभियान के तहत कई भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्थानीय विधायक के संरक्षण पर आरोप लगाते हुए कहा कि यूरिया खाद बेचने वाले संचालक महेश ट्रेडर्स के संचालक सुरेश गांधी के द्वारा नगर पंचायत अर्जुंदा के एल्डरमैन के पद के दुरुपयोग करते हुए उन्होंने किसानों के अधिकार छीन कर 350 बोरी यूरिया को उड़ीसा में अत्यधिक ज्यादा रेट में बेचने उड़ीसा पासिंग गाड़ी में परिवहन कर रहा था, जिसे किसान मोर्चा ने पकड़ कर कृषि विभाग एवं पुलिस के हवाले किया है।

इस मामले को लेकर कृषि उपसंचालक नागेंद्र पांडे ने बताया कि फर्टिलाइजर कंट्रोलर 1985 के तहत संबंधित यूरिया सप्लायर फर्म महेश ट्रेडर्स एवं ट्रक ड्राइवर ट्रक मालिक को नोटिस भेजा गया है इस नोटिस के तहत 10 दिन के अंदर तीनों का जवाब आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

अब देखना होगा कि एक तरफ किसान यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे हैं और दूसरी ओर कांग्रेस संगठन से जुड़कर नगर पंचायत अर्जुंदा में एल्डरमैन रहकर 350 बोरी यूरिया में परिवहन कर 150 बोरी यूरिया खाद का व्हाट्सएप से पर्ची के माध्यम से सप्लाई करने वाले सुरेश गांधी पर कार्यवाही होगी या किसानों के साथ अन्याय होगा यह तो समय ही बता पाएगा।

इस पूरे मामले को लेकर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष तोमन साहू ने कहा अवैध परिवहन के संबंध में कार्यवाही नहीं हुई तो किसान मोर्चा सड़क की लड़ाई लड़ेंगे

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा स्थानीय विधायक के संरक्षण से यह अवैध परिवहन हुआ है एल्डरमैन पद से तत्काल इस्तीफा दिया जाए।

किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हेमंत साहू ने कहा उचित कार्यवाही नहीं हुआ तो किसान मोर्चा एवं अर्जुंदा मंडल जिला भाजपा के द्वारा संचालक के दुकान के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने विधायक की ओर से कहा अवैध परिवहन के संबंध में जांच कर उचित कार्रवाई होना चाहिए पर भाजपाइयों के द्वारा लगाया जा रहा है विधायक पर अनर्गल आरोप निराधार है किसी भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का गलत कार्य में संरक्षण नहीं देता भाजपाइयों का काम है आरोप लगाना।

# किसानों के बाद भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ भी होगा न्याय : रानू

*नवप्रदेश संवाददाता*

**कवर्धा।** शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रानू मनोज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि,प्रदेश के लगभग 15 लाख भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को 6000रू प्रतिवर्ष देगी छ. ग. कांग्रेस सरकार,जिसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी एवम् केबिनेट मंत्री मो अकबर भैया जी को ह्रदय से आभार।

रानू मनोज दुबे ने इस बात पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़िया किसान का बेटा मुख्यमंत्री बना है, छत्तीसगढ़ की तासीर बेहद अलग है यह ऋषि एवं कृषि प्रधान देश है यहां छत्तीसगढ़िया किसानों की जनसंख्या अधिक है, छत्तीसगढ़ में जितने मुख्यमंत्री बने उनमें से एक प्रशासक थे,दूसरे डॉक्टर थे, जो किसानों मजदूरों की समस्या को संवेदनशीलता पूर्वक समझ नहीं पाए लेकिन अब एक ऐसा नहीं है *किसान* का *बेटा* भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने से प्रदेश के किसानों मजदूरों में हर्ष है।



रानू मनोज दुबे ने आगे कि कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ प्रदेश लगातार विकास की नई नई ऊंचाइयों को छू रही है क्योंकि छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का काम बोलता है,धान का ?25 सौ न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों की कर्ज माफी आदिवासियों की जमीन की वापसी जैसे कई महत्वपूर्ण फैसलों ने बघेल जी को जनता की संतुष्टि के पैमाने पर देश में दूसरे नंबर एवं छत्तीसगढ़ में पहला नंबर का मुख्यमंत्री बना दिया है।

कोरोना संक्रमण काल ने देश भर की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है उद्योग बंद है और बेरोजगारी व महंगाई से जनता त्रस्त है ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार ने महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों को पछाड़कर जनता की कसौटी में खरा उतरने का काम किया है।

रानू मनोज दुबे जी ने कहा कि केबिनेट मंत्री मो अकबर भैया के नेतृत्व में उनकी निरंतर प्रयासों से पिछले ढाई वर्षो के दौरान किसानों और वनवासियों के जीवन स्तर को एक साथ ऊंचा उठाने के लिए राज्य अपनी नई आर्थिक रणनीति पर काम कर रही है कोरोना संक्रमण काल में देशव्यापी लॉकडाउन के दौर में भी छत्तीसगढ़ के जंगलों में वनोपज के संग्रहण का कार्य तेजी से चलता रहा, ढाई साल में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य ने जो आर्थिक उपलब्धियां हासिल किए उसकी सराहना रिजर्व बैंक ने भी की है शासन द्वारा न केवल वनों को संरक्षित और संवर्धित किया जा रहा है बल्कि साथ ही साथ वन क्षेत्र में बहने वाले नालों के पानी को भी सहेजने का कार्य किया जा रहा है।

# 70 किलो गांजा के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

## खरोरा पुलिस की गांजे की अब तक कि सबसे बड़ी कार्यवाही

*नवप्रदेश संवाददाता*



**खरोरा।** मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रमेश मरकाम द्वारा टीम गठित कर ग्राम पूजा चौक बुडेरा के पास नाकाबंदी की नाकाबंदी के दौरान वाहन महिंद्रा टीयूवी 300 400 से आते हुए देखने पर वाहन को रोका गया वाहन में मादक पदार्थ अर्पण करते हुए पाया गया मौके पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए वहां से बरामद 75 किलोग्राम गांजा कीमती ?450000 में परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा टीयूवी 300 वाहन क्रमांक सीजी 04 3408 किया गया अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी का नाम अपराध क्रमांक 321/ 2021 सावां पार्क औषधि तथा मना प्रभावी अधिनियम प्रभावी अधिनियम 1985 की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी गायक बलराम दौरान पिता भास्कर दौरा 34 साल निवासी गौकरणपुर थाना दिगापोड़ी जिला गंजाम 2 रंजीत सिंह पिता लाल सिंह बहुक उम्र 31 साल निवासी पायमल थाना जिला बरईगढ 3 टिके लाल पिता गुरेख भट्ठी उम्र 35 साल निवासी इच्छापुर निवासी डोंगृपाली निवासी सोनपुर 04 रजेंद्रपिता इक्कोमनी 05 दिलेश्वर पिता प्रफुल्ल उम्र 27 साल थाना उच्च ब जिला बालांगीरहाल थाना लोहिसिंगा सभी राज्य उड़ीसा को गिरफ्तार किया।

### ओड़िसा से लाया गया था गांजा

गांजे को ऑर्डिसा से तस्करी कर लाया गया था अभी यह नही पता चल पाया है कि कहाँ बेचने के लिए इसे लाया गया था , अभी पूछताछ जारी है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

कहीं-कहीं से हर चेहरा तुम जैसा लगता है
तुमको भूल न पाएंगे ऐसा लगता है।

:: जन्मतिथि ::
21 मार्च 1950

:: निर्वाण ::
05 अगस्त 2017



स्व. श्री भरत श्रीवास्तव

चतुर्थ पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

आपके अपने

बड़े भाई - रमाशंकर श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव (बब्बू भईया)
भतीजा - अमीत श्रीवास्तव (मुन्ना), पुत्र - अंकित श्रीवास्तव

**रोजगार** | महिलायें साथ ही बना रही हैं बाँस के गहनें, जल्द बाज़ार में नज़र आयेगी मनवा बीजापुर शक्ति राखियाँ और गहनें

# भैरमगढ़ की महिला स्व-सहायता समूह बना रही है बाँस-ताड़, मोती-रत्न, धागे और ऊन की स्वदेशी राखियां

**बीजापुर/नवप्रदेश।** भाई बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षा का संकल्प का त्यौहार रक्षाबंधन आने वाला है। जिसे देखते हुये बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम कर्रेमरका और बेलचर की स्व सहायता समूह की महिलायें इन दिनों राखियाँ बनाने में जुटी हुयी हैं। महिलायें विशेष तौर पर बाँस और ताड़ की राखियाँ बना रही हैं जिसमें मोती, रत्न, ऊन और धागे का उपयोग किया जा रहा है। राखियों के साथ ही महिलायें बाँस की आकर्षक गहने भी बना रहीं हैं।





इस बारे में कर्रेमरका की हिंगलाजिन महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष रमशीला यादव बताती हैं कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से उनके समूह के सदस्यों को राखी बनाने के लिए उत्कृष्ट डिजाईनरों से प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसके साथ ही आवश्यक सहायता भी उपलब्ध करायी गई, जिससे उनका समूह सजावटी आकर्षक राखियां बना रही हैं। उनके समूह को उम्मीद है कि रक्षाबन्धन के त्यौहार से अच्छी आमदनी होगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी महिलाओं के राखियाँ बनायी थी, कोरोना की वजह से लॉकडाउन था बावजूद इसके उन्हें अच्छी खासी आमदनी हुयी थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाओं को पेशेवर डिज़ाइनरों की आकर्षक राखियाँ और गहने बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत भैरमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरकरा ने बताया कि कलेक्टर रितेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में महिला स्व-सहायता समूहों को विभिन्न आयमूलक गतिविधियों के संचालन हेतु प्रशिक्षण देने के साथ ही सहायता उपलब्ध करायी गई है। जिसके फलस्वरूप कर्रेमरका एवं बेलचर की इन महिला समूहों द्वारा करीब 800 आकर्षक एवं सुंदर राखियां बनायी गई हैं।

उक्त निर्मित राखियों का विक्रय बिहान मार्ट में किया जायेगा। इसके साथ ही ऑनलाइन आर्डर भी लिये जाएंगे। महिलाओं को प्रोत्साहित करने अधिक से अधिक राखियाँ बिकवाने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होलसेल व्यवसायी एवं खुदरा दुकानदारों को उपलब्ध करवाया जाएगा। ऑनलाइन आर्डर के लिये 88178-50756 पर कॉल किया जा सकेगा।